वर्ष-22 अंक-139
पृष्ठ-8 मूल्य-2.00
भोपाल
शनिवार 21 दिसंबर 2024
पौष कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत्-2081
E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

दैनिक
समय जगत



एक संदेश-पूरा देश
भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित
म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र
ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in

# समाज की उन्नति के लिए युवा पीढ़ी को तैयार करें शिक्षक : राज्यपाल

## युवाओं के कौशल विकास और स्पष्ट मार्गदर्शन के साथ ही विश्वविद्यालयों को बनाएंगे आत्मनिर्भर : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**समय जगत, भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए समरस, समावेशी राष्ट्र के संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने अपनी अद्भुत दूरदृष्टि से हमें संविधान के रूप में जाति, लिंग, भाषा, धर्म, धन और शक्ति बल आदि के भेदभावों से मुक्त समावेशी, समरस समाज की धरोहर सौंपी है। राज्यपाल श्री पटेल शुक्रवार को महू में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय के 6वें दीक्षांत समारोह में अध्यक्षीय उद्बोधन दे रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के पूर्व कुलाधिपति डॉ. प्रकाश सी बरततूनिया, विधायक सुश्री उषा ठाकुर उपस्थित थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि हमारा संविधान प्रेरणादायक जीवंत दस्तावेज और स्वतंत्र भारत का आधुनिक धर्म ग्रंथ है, जिसका समर्पित भाव से पालन, हर भारतीय का परम कर्तव्य है। विद्यार्थियों का दायित्व है कि संविधान का अपने आचरण, व्यवहार में समर्थन और संरक्षण करें। समाज के तुलनात्मक रूप से वंचित, पिछड़े वर्गो, समुदायों के भाई बहनों के विकास की जवाबदारी, जिम्मेदारी के साथ स्वीकार करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बाबा साहेब के सपनों के अनुरूप राष्ट्र निर्माण के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के द्वारा शिक्षण संस्थानों को ऐसे नागरिकों को तैयार करने का अवसर दिया है। यह जरूरी है कि विश्वविद्यालय और शिक्षक, हमारी संस्कृति के अनुरूप देश और समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सामाजिक समृद्धि और समानता के प्रति समर्पित युवा ध्वज वाहक तैयार करें। राज्यपाल ने शिक्षकों से अनुरोध किया कि शिक्षण प्रणाली को वह विद्यार्थियों की उद्यमिता



को बढ़ावा देने, नवाचार की प्रेरणा देने, चिंतन, नेतृत्व के गुणों के साथ सामाजिक सरोकारों में सहभागिता के संस्कार प्रदान करने वाली बनाएं। युवा ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है, देश जब आजादी की 100वीं सालगिरह मनाएगा, देश का नेतृत्व युवा कर रहे होंगे, उस समय विकसित भारत का स्वरूप कैसा हो उसके लिए युवाओं को आज से ही कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि बाबा साहेब अंबेडकर ने विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा दीक्षा ग्रहण करने को गौरव की बात बताते हुए अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने जो सीखा, वो समाज को समर्पित किया। देश का संविधान इस बात का प्रमाण है जिसमें भारत की विविधता भरी संस्कृति, जनजाति नागरिक आदि को एक साथ जोड़ा गया है। बाबा साहेब ने चित्रों के संयोजन से संविधान को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री रहने के दौरान इस विश्वविद्यालय में कई संकाय शुरू किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जरूरत के मुताबिक और नए संकाय खोले जाएँगे। जनवरी माह में राज्यपाल की अध्यक्षता में कुलगुरूओं की बैठक में इस पर निर्णय लिए जाने का मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि युवाओं के कौशल विकास और स्पष्ट दिशा देने के साथ ही विश्वविद्यालय की आत्मनिर्भरता के लिए प्रयास किए जाएँगे। मुख्यमंत्री ने दीक्षांत समारोह के माध्यम से विद्यार्थियों को उपाधि देने के सिलसिले को आरम्भ करने में राज्यपाल की पहल का अभिनंदन भी किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा दीक्षा के ज़रिए अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने की शुभकामनाएं भी दीं। दीक्षांत समारोह में संस्थान के 16 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। अम्डेकर विश्वविद्यालय के द्वारा विगत 5 वर्षों में 100 से अधिक शोधार्थियों ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। वहीं बीते सत्र में विश्वविद्यालय से 851 विद्यार्थियों ने डिग्री हासिल की है। इसमें से पीएचडी करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर डिग्री प्रदान की गई। आरंभ में अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती, भगवान बुद्ध और बाबासाहेब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

### एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने दी जानकारी

# गैस टैंकर में विस्फोट से 40 गाड़ियों में लगी आग, 11 की मौत, 35 घायल

**जयपुर।** जयपुर के अजमेर रोड पर एक भीषण हादसा हुआ है। शुक्रवार की सुबह सुबह एक सीएनजी टैंकर में विस्फोट होने के बाद करीब 40 गाड़ियों में आग लग गई। हादसे में कई लोग जिंदा जल गए। अभी तक 11 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है, जबकि करीब 35 लोगों की हालत गंभीर है। हादसा अजमेर रोड स्थित भांकरोटा इलाके में हुई। गैस टैंकर में धमाके की वजह से पेट्रोल पंप समेत कई गाड़ियों में आग लग गई, जिनमें बस, ट्रक, कार आदि शामिल हैं। जयपुर कलेक्टर जितेंद्र सोनी ने बताया कि घटना में 40 गाड़ियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियों और एंबुलेंस को मौके पर भेजा गया। आग पर काबू पाने के साथ घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि उन्हें करीब पौने छह बजे एक साथ कई गाड़ियों में आग लगने की सूचना मिली। दमकल की 30 गाड़ियों को आग



बुझाने में लगाया गया। जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि (अस्पताल में) अब तक 4 शव लाए गए। वहीं दर्जनों लोग आईसीयू में भर्ती हैं। और भी लोगों को लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकतर लोग गंभीर रूप से जले हुए हैं। बताया जा रहा है कि करीब 15 लोग 80 फीसदी जले हुए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी एसएमएस अस्पताल पहुंचे और घायलों की समुचित इलाज का निर्देश दिया। बताया जा रहा है कि केमिकल अथवा गैस भरे टैंकर की टक्कर एक दूसरे ट्रक से हो गई। इससे वह बड़ा धमाका हो गया। व्यस्त सड़क पर उस दौरान कई गाड़ियां मौजूद थीं। धमाका इतना तेज था कि एक बस, कई ट्रक, कार, बाइक समेत कई गाड़ियों में आग लग गई। आग पेट्रोल पंप तक भी पहुंच गई। अचानक धमाके के साथ हुए हादसे में लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला। कई लोग जिंदा जल गए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा घायलों का हालचाल जानने के लिए अस्पताल पहुंच गए है। इससे पहले सीएम ने एक्स पर लिखा, जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गैस टैंकर में आग लगने की घटना में नागरिकों के हताहत होने का दुःखद समाचार सुनकर मन अत्यंत व्यथित है। घटना की सूचना मिलते ही एसएमएस अस्पताल जाकर चिकित्सकों को तत्काल आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने और घायलों की समुचित देखभाल हेतु निर्देशित किया। प्रशासन द्वारा बचाव कार्य निरंतर जारी है। स्थानीय प्रशासन और आपातकालीन सेवाएं पूरी तत्परता से कार्यरत हैं।

# देश की वैश्विक पहचान बनाने में आईएएस अधिकारियों की अहम भूमिका : डॉ यादव

### मुख्यमंत्री ने सिविल सर्विस मीट 2024 का किया शुभारंभ

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आज प्रशासन अकादमी भोपाल में आई.ए.एस ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित सिविल सर्विस मीट 2024 के तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि कर्म तो सब लोग करते हैं, भाग्य परमात्मा देता है। आपने इस मार्ग पर चलते हुए न केवल कर्म किया बल्कि भाग्य भी पाया। इसलिए मैं आपको दोनों तरह से बधाई देना चाहता हूं। इतने बड़े देश में, इतनी बड़ी आबादी में यदि आईएएस अधिकारियों की संख्या देखी जाए तो नगण्य है। सीएम मोहन ने अपने सम्बोधन में कहा कि इतने बड़े देश की इतनी विविधता और चुनौतियों के बीच, हमारे देश की दुनिया में जो पहचान बनी है, उसमें सबसे बड़ी भूमिका आईएएस अधिकारियों की है। यह निश्चित रूप से हमारे लिए गौरवान्वित करने वाली बात है। इस कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री ने आम जनता के द्वारा उनको मुख्यमंत्री बनाने का मौका देने के लिए आभार भी प्रकट किया। सर्विस मीट के पहले दिन अरेरा क्लब में वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम, पूल, बिलियर्ड, ब्रिज



और 4 गुणा 50 मीटर रिले दौड़ होगी। शाम को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में कल्चरल नाइट और डिनर होगा। इसके बाद अरेरा क्लब में रात 9. 30 बजे से ट्रेजर हंट का आयोजन किया जाएगा। आईएएस अफसरों का ग्रुप फोटोग्राफ सेशन भी होगा। बता दें कि 20 से 22 दिसम्बर तक चलने वाले इस आयोजन में प्रदेश भर के आईएएस अपने परिवारों के साथ शामिल होंगे। मीट में सांस्कृतिक, खेल, सहित कई गतिविधियां होगी।

# महाकुंभ 2025 : सरकार घरों को बना रही होम स्टे

### श्रद्धालुओं को मिलेगा घर जैसा पारंपरिक खाना और परिवार जैसा अनुभव

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए यूपी सरकार पूरी तरह से जुटी है। इस बार कुंभ में उम्मीद से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। ऐसे में श्रद्धालुओं को ठहराना सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इसे देखते हुए सरकार ने कई उपाय किए हैं, जिनमें स्थानीय घरों को होम स्टे में बदलने की योजना तैयार की जा रही है। अब तक 26 घरों को होम स्टे बनाया गया है, और 36 अन्य घरों को होम स्टे में तब्दील करने के लिए आवेदन आए हैं। पर्यटन विभाग के मुताबिक होम स्टे में श्रद्धालुओं को घर जैसा माहौल मिलेगा, जिसमें वे पारंपरिक खाना और परिवार जैसा अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। इन घरों में कम से कम दो और अधिकतम पांच कमरे होने चाहिए। साथ



ही आग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और खाने की व्यवस्था मकान मालिकों को ही करनी होगी। इन होम स्टे की जानकारी और बुकिंग महाकुंभ मेला और यूपी पर्यटन की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। इसके अलावा टेंट सिटी और होटलों में ठहरने की व्यवस्था पर भी काम किया जा रहा है। प्रयागराज के सभी छोटे-बड़े होटलों और गेस्ट हाउस की क्षमता का आकलन किया जा रहा है। होटल संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वह श्रद्धालुओं से ज्यादा किराया न वसूलें। इसके अलावा कई हैरिटेज प्रॉपर्टीज को भी ठहरने की सुविधा में तब्दील किया जा रहा है। सरकार आगजनी और अन्य संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों पर भी जोर दे रही है। सभी आवासीय और अस्थायी ठिकानों पर आग से बचाव के इंतजाम किए जा रहे हैं। पर्यटन विभाग की रीजनल ऑफिसर ने बताया कि श्रद्धालुओं को ठहराने की व्यवस्था करना महाकुंभ की सबसे बड़ी चुनौती है। इसके लिए टेंट सिटी, होम स्टे, होटल और गेस्ट हाउस जैसी सुविधाओं को सक्रिय रूप से तैयार किया जा रहा है।

### पश्चिमी यूपी के लोगों को मिलेगी सौगात मेरठ से काशी तक चलेगी वंदेभारत

**नई दिल्ली।** पश्चिमी यूपी के लोगों के लिए खुशखबरी अब वे आसानी से वंदेभारत एक्सप्रेस से काशी जा सकेंगे। भारतीय रेलवे ने इस क्षेत्र के लिए एक नई वंदेभारत ट्रेन चलाने की योजना बनाई है, जो मेरठ से काशी तक जाएगी। वर्तमान में मेरठ से लखनऊ के बीच वंदेभारत चल रही है और इसे अब काशी तक बढ़ाया जा रहा है। यह ट्रेन लखनऊ से रायबरेली, प्रतापगढ़ होते हुए बनारस पहुंचेगी। इस ट्रेन के संचालन से पश्चिमी यूपी के लोगों को एक सीधी और आरामदायक कनेक्टिविटी मिल जाएगी। इस वंदेभारत ट्रेन का मार्ग हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली और प्रतापगढ़ होते हुए बनारस तक पहुंचेगा।

**स्वास्थ्य** | सर्दी-जुकाम जैसी मौसमी बीमारियों में आती है काम

# ठंड में होने वाली बीमारियों से बचाता है अजवाइन

**नई दिल्ली।** ठंड के मौसम में अजवानयन का उपयोग बढ जाता है। सर्दी-जुकाम जैसी मौसमी बीमारियों की बात की जाए तो ये दोनों परेशानियां बैक्टीरिया और फंगल इन्फेक्शन के चलते होती हैं। ऐसे में अजवायन में मौजूद थाइमोल और कार्वाकोल नामक तत्व बेक्टीरिया और फंगल को फैलने से रोक सकते हैं। अजवायन में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट ठंड के मौसम में कमजोर शरीर को अंदर से मजूबत बनाता है। इससे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होती है और शरीर बाहरी बैक्टीरिया से लड़ने और उन्हें हराने में कामयाब होता है। अगर ठंड लग गई है और शरीर दर्द कर रहा है तो एक गिलास पानी में अजवायन को उबाल कर पीने से ठंड और शरीर के दर्द में राहत मिलती है। इतना ही नहीं अजवायन का काढ़ा (अजवायन, तुलसी के पत्ते, काली मिर्च और शहद से बना) बनाकर पीने से सर्दी खांसी में राहत मिलती है। अजवायन में मौजूद थाइमोल एंटीसेप्टिक और एंटी-इन्फ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज से भरपूर होता है, इसलिए सामान्य फ्लू होने पर अजवायन का उपयोग करके



राहत पाई जा सकती है।सर्दियों में हार्ट अटैक के मामले इसलिए बढ़ जाते हैं क्योंकि फिजिकल एक्टिविटी कम होने और तला भुना और भारी भोजन ज्यादा खाने के चलते कोलेस्ट्रोल हाई हो जाता है। ऐसे में अजवायन का सेवन बढ़े हुए कोलेस्ट्रोल को कंट्रोल में रखने का काम करता है। अक्सर पीरियड्स के दिनों में पेट के निचले हिस्से और पीठ में दर्द बना रहता है और ऐसे में अजवायन के चूर्ण को गर्म पानी के साथ दिन में दो बार लेने पर दर्द में राहत मिलती है।

अजवायन के सेवन से पेट में गैस नहीं बनती और ब्लोटिंग और पेट में दर्द से राहत मिलती है। पाचन तंत्र को बेहतर करना है तो अजवायन में काला काला नमक और सूखे अदरक (सौंठ पाउडर) मिलाकर चूर्ण तैयार करें और खाना खाने के बाद गर्म पानी से इसकी फंकी लेने पर आराम मिलता है। अजवायन के नियमित सेवन से अर्थराइटिस यानी गठिया की परेशानी में भी राहत मिलती है। अगर घुटनों या जोड़ों का दर्द परेशान कर रहा है तो अजवायन के चूरन को कपड़े की पोटली में भरकर उसे गर्म करके घुटनों और जोड़ों की सिंकाई करने से दर्द से राहत मिलती है। मालूम हो कि अजवायन किचन में रखा सेहत के लिए सबसे उपयोगी मसाला कहा जाता है।



## बार एसोसिएशन कुलपहाड़ का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**कुलपहाड़/महोबा।** बार एसोसिएशन कुलपहाड़ का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया, जिसमें अध्यक्ष महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पद पर दो-दो प्रत्याशी आमने सामने रहने के कारण मतदान से निर्णय कराया गया। अध्यक्ष पद पर मनमोहन नामदेव, महामंत्री पद पर अविनाश खरे एवं कोषाध्यक्ष पद पर जितेन्द्र सिंह विजयी घोषित किए गए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को कड़े मुकाबले से हराकर जीत हासिल की। तहसील अधिवक्ता बार एसोसिएशन कुलपहाड़ का चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। विभिन्न पदों पर निर्वाचन कमेटी द्वारा निर्वाचन हेतु नामांकन पत्र भरवाये गए थे। जिसमें अध्यक्ष महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद को छोड़कर वाकी सभी पदों पर नाम वापस लेने के बाद एकल प्रत्याशी बचा था। जिस कारण उन्हें निर्वाचित घोषित कर दिया गया लेकिन अध्यक्ष पद पर मनमोहन नामदेव एवं लक्ष्मण सिंह यादव, महामंत्री पद पर अनिल पाठक एवं अविनाश खरे एवं कोषाध्यक्ष पद पर जितेंद्र निरंजन व सुनील कुशवाहा के बीच मतदान के द्वारा निर्णय किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु मनमोहन नामदेव ने 80 मत पाकर 15 मतों से विजय हासिल की है। महामंत्री पद पर अविनाश खरे ने 80 मत पाकर 15 मतों से विजय प्राप्त की है। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर जितेन्द्र सिंह ने 76 मत पाकर 8 मतों से विजयी हुए। चुनाव अधिकारी खेमचंद कुशवाहा ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरीके से पारदर्शिता के साथ संपन्न की गई। कुल 147 मतदाता थे। जिसमें 145 मत पड़े। 2 मत अनुपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में पदेन अधिकारी अशोक सक्सेना लिदोरा, मुख्य चुनाव अधिकारी खेमचंद्र कुशवाहा, सहायक निर्वाचन अधिकारी हरगोविंद यादव, देवेन्द्र शुक्ला, कौशलेंद्र राठौर एवं मोहम्मद इदरीस विजयी पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर प्रमाण पत्र सौंपा गया। उप जिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, तहसीलदार पुष्पक, नायब तहसीलदार एवं सीओ हर्षिता गंगवार ने निर्वाचित अधिवक्ताओं को शुभकामनाएं दी।

# अटल एवं सुशासन विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में यशस्वी तिवारी तथा काव्य पाठ में राम मिलन ने मारी बाजी



**समय जगत, महोबा ।** मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश के क्रम में निदेशक उच्च शिक्षा के निर्देश के अनुपालन में वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के अवसर पर अटल जी की जीवनी एवं कार्य कुशलता विषय पर अनेक प्रतियोगिताओं के आयोजन के क्रम में अटल एवं सुशासन विषय पर हुई। भाषण प्रतियोगिता एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ संतोष पांडे, डॉ अनुराग सिंह, डॉ राम बिहारी पांडे एवं डॉ एल सी अनुरागी ने अपने निर्णय में भाषण में प्रथम स्थान यशस्वी तिवारी द्वितीय भावना पाठक तृतीय मोनिका सेन एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम राम मिलन द्वितीय यशस्वी व तृतीय मोनिका को घोषित किया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं पूर्व प्राचार्य शिवकुमार गोस्वामी ने अटल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी का संपूर्ण जीवन सुशासन के लिए समर्पित था तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय कि अंत्योदय योजना के तहत समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुशासन को पहुंचना लक्ष्य था। पूर्व प्रोफेसर डॉक्टर एल0सी0 अनुरागी ने अटल के व्यक्तित्व को सागर से तुलना करते हुए कहा कि अटल जी अपार हृदय के व्यक्तित्व थे उनके हृदय में करुणा की तथा राजनीति में कभी भी द्वेष भावना नहीं थी। इस प्रतियोगिता में जनपद के उच्च शिक्षा संस्थान में राजकीय महाविद्यालय चरखारी, रामश्री महाविद्यालय, चंद्रिका महाविद्यालय तथा साई महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया कार्यक्रम सम्यक जनपदीय नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रतियोगिता का संचालन एनएसएस नोडल अधिकारी डॉ संतोष पांडे ने किया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# न्यायिक अधिकारियों ने शिविर लगाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरुक

### उद्देश्यों एवं योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी



**समय जगत, महोबा ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश महोबा के आदेशानुसार विधान से समाधान कार्यक्रम अभियान के अन्तर्गत महिलाओं के हितार्थ विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने है। जिसमे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महोबा की ओर से ब्लॉक स्तर पर आज दोपहर 12 बजे तहसील सभागार, चरखारी जनपद महोबा मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तेन्द्र पाल, अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा ने की। उक्त कार्यक्रम में चरखारी ब्लॉक स्तर की आंगनवाडी कार्यकत्री, स्वंय सहायता समूह, क्षेत्र की महिलाएं, ने प्रतिभाग किया। उपस्थित महिलाओं को महिला अधिकारों एवं महिला कर्तव्यों के बारे में विधिक रूप जागरूक किया गया एवं सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया, साथ ही साथ उक्त कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे तेन्द्र पाल, अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रन बहादुर वर्मा जिला प्रोवेशन अधिकारी, आलोक मिश्रा, नायब तहसीलदार महोबा, रिसोर्स पर्सन विश्वनाथ त्रिपाठी एवं अधिवक्ता कल्पना सोनी, सामाजिक कार्यकर्ती नेहा चंसौरिया, महिला थानाध्यक्ष महोबा सुषमा चौधरी, वन स्टॉप सेन्टर की केन्द्रीय प्रबन्धक क्षमा तथा केस वर्कर अर्चना द्वारा, विवाह-विच्छेद, भरण-पोषण, सम्पत्ति के संबंध में महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा, दहेज-मृत्यु, ऐसिड अटैक, अपहरण, रेप, लैगिंक हिंसा, पाक्सों एक्ट संबंधी जानकारी, कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीडन, मातृत्व अवकाश, महिलाओं के स्वास्थ्य हाईजीन, मजदूरी अधिनियम, फैक्ट्री अधि0 1948, पीसी0पी0एन0डी0टी0 एक्ट, गर्भ धारण के समय लिंग परीक्षण संबंधी विधिक जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही बताया गया कि समान पारिश्रमिक का अधिकार-समान पारिश्रमिक अधिनियम के अनुसार, अगर बात वेतन या मजदूरी की हो तो लिंग के आधार पर किसी के साथ भी भेदभाव नहीं किया जा सकता है। कार्यस्थल पर छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न से संरक्षण का अधिकार-काम पर हुए यौन उत्पीड़न अधिनियम के अनुसार आपको यौन उत्पीड़न के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का पूरा अधिकार है। घरेलू हिंसा के खिलाफअधिकार-यह अधिनियम किसी भी महिला जैसे मां, बहन पर की गई घरेलू हिंसा से सुरक्षा करने के लिए बनाया गया है, आप या आपकी ओर से कोई भी शिकायत दर्ज करा सकता है। मातृत्व संबंधी लाभ के लिए अधिकार-मातृत्व लाभ कामकाजी महिलाओं के लिए सिर्फ सुविधा नही बल्कि ये उनका अधिकार है, मातृत्व लाभ अधिनियम के तहत एक माँ के प्रसव के बाद 12 सप्ताह (तीन महीने) तक महिला के वेतन में कोई कटौती नहीं की जाती और वो फिर से काम शुरू कर सकती है।

## फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर कर रहे थे गौवंश की तस्करी, गहन जांच से पकड़ में आया वाहन स्वामी सोनू, पुलिस ने भेजा जेल



**समय जगत, कोलारस ।** कोलारस थानांतर्गत गौ तस्करी से जुड़े एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है । पीतमपुर, इंदौर, और धार जिले के लोग भी शामिल हैं ।आरोपी हाइव से गायों को एकत्रित कर उन्हें अन्य जिलों तक पहुंचाते थे । फिर इन गायों को कत्ल खाना तक भेजते थे । फिलहाल पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो सोनू पुत्र किशन नाथ निवासी धार, साथी जितेंद्र पिता अशोक प्रजापति निवासी मालवीय नगर इंदौर तथा मनोज पुत्र कन्हैया लाल मीणा निवासी पीतमपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है ऐसे करते थे गायों की तस्करी हाईवे पर जगह-जगह गायों को एकत्रित करने के लिए धार का रहने वाला सोनू नाथ अपने वाहन क्रमांक द्वश्च135द्म1358 से कुछ लोगों को पैसा देते थे ।जो रात के समय गोवंश को एकत्रित करते थे और भोपाल के फर्जी नंबर एमपी 04जी ए7232 की प्लेट लगाकर परिवहन किया करते थे जिनको कोलारस टी टाई अजय जाट के मार्गदर्शन में और लुकवासा चौकी प्रभारी सिखा तिवारी के नेतृत्व में आरोपियों को पशु क्रूरता अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया है इसमें ए एस आई रायचंद भिलाला, लुकवासा प्रधान आरक्षक, विशाल परिहार, आरक्षक बालवीर, आरक्षण चंद्रशेखर मीणा, आरक्षक नरेंद्र शर्मा, आरक्षक वीरेंद्र गुर्जर और मनोजसमस्त की सराहनीय भूमिका रही ।

## सार संक्षिप्त

### जनकल्याण अभियान और प्रशासन गांव की ओर अभियान से आमजन हो रहे लाभान्वित



**शहडोल ।** जिले के समस्त विकासखण्डों में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है । अभियान के तहत सभी विकासखण्डों में 15 दिसम्बर से जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है । शासन के निर्देशों के अनुसार सुशासन सप्ताह में 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक प्रशासन गांव की ओर अभियान में भी लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं । इन शिविरों के माध्यम से बड़ी संख्या में आमजन लाभान्वित हो रहे हैं । शिविरों के माध्यम से आमजनता को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं । साथ ही हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया जा रहा है । इसी कड़ी में प्रशासन गांव की ओर एवं मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत शहडोल जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम छांटा एवं हरदी-32 में शिविर आयोजित किये गए जिसमें मैदानी अधिकारियों द्वारा लोगों के आवेदन प्राप्त कर यथा संभव निराकरण किया गया ।

### संयुक्त संचालक शिक्षा ने किया स्कूलों का निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश



**समय जगत, सिवनी मालवा ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं, 12वीं आगामी माह फरवरी, मार्च में आयोजित होगी । तथा कक्षा नवमी और 11वीं की परीक्षा फरवरी में होगी । संभाग का बोर्ड परीक्षा परिणाम पिछले वर्षों के अपेक्षा अधिक रहे । इसी के उद्देश्य से संभाग व जिले के अधिकारियों द्वारा हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूलों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है । लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार भावना दुबे संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदापुरम संभाग ने विकासखंड सिवनी मालवा के शासकीय नेहरू स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बानापुरा, शासकीय हाई स्कूल नाहरकोला कला तथा शासकीय नवीन हाई स्कूल इकलानी का आकस्मिक निरीक्षण किया । शासकीय नवीन हाई स्कूल इकलानी में संस्था में कार्यरत नियमित शिक्षक चार उपस्थित पाए गए । वही अतिथि शिक्षक सुनील दुबे निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए । संयुक्त संचालक ने कहा कि छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने हेतु पालकों से संपर्क किया जाए और परीक्षा परिणाम बढ़ाने के लिए प्रतिदिन गृह कार्य का परीक्षण भी किया जाए । संयुक्त संचालक शिक्षा श्रीमती दुबे ने सभी प्राचार्य को निर्देशित किया कि अर्धवार्षिक परीक्षा समाप्त हो गई है । सभी विषयों का मूल्यांकन करके उत्तर पुस्तिकाएं छात्र-छात्राओं को अवलोकन के लिए बताई जाए । 30 दिसंबर तक विमर्श पोर्टल पर परीक्षा परिणाम दर्ज किया जाए और पालक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित कर परीक्षा परिणाम छात्र-छात्राओं के पालकों को आवश्यक रूप से बताया जाए । जो विद्यार्थी लंबे समय से संस्था से अनुपस्थित है । गृह संपर्क करके उनके पालकों को अवगत कराया जाए । शीतकालीन अवकाश के दौरान सभी छात्र-छात्राओं को सभी विषयों का गृह कार्य आवश्यक रूप से दिया जाए ।

### शिक्षा केंद्र के आदेश से बीआरसीसी पद से संगीता यादव हटाया गया

**समय जगत, सिवनी मालवा ।** जिला शिक्षा केंद्र नर्मदापुरम ने लापरवाही और कर्तव्यों की अनदेखी के चलते विकासखंड स्रोत समन्वयक (बीआरसीसी) पद पर नियुक्त संगीता यादव की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर दी हैं । मूलरूप से उच्च माध्यमिक शिक्षक पद पर कार्यरत श्रीमती यादव को नोटिसों के समाधानकारक उत्तर न देने और वरिष्ठ कार्यालय के आदेशों की अवहेलना के चलते यह कार्रवाई की गई । उन्हें तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय नर्मदापुरम में उपस्थिति देने का निर्देश दिया गया है । अगले आदेश तक बीआरसीसी सिवनी मालवा का पद रिक्त हो गया हैं ।

## स्वरोजगार स्थापित कर बनें स्वावलंबी: यशपाल सिंह




**खन्ना/महोबा ।** जनपद के कबरई विकासखंड के अंतर्गत खन्ना कस्बे में एक गेस्ट हाउस में 15 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण का उदघाटन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार कबरई विकासखंड के खन्ना कस्बे के मिलन गेस्ट हाउस में मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र कालपी द्वारा 15 दिवसीय कौशल सुधार प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला ग्रामोद्योग महोबा के संयोजक में शुरू किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य यशपाल सिंह ने फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया, तत्पश्चात मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण पहल है, इससे महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित कर स्वलम्बी बने, तथा प्रशिक्षण केन्द्र कालपी के प्राचार्य शिशुपाल गोयल ने सरकार कि योजनाओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी, तथा जोनल कार्यालय बांदा से आई कोर मैम ने महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर विचार व्यक्त किए, तथा जिला ग्रामोद्योग महोबा के सहायक विकास अधिकारी रामसिंह राजपूत व रफीक अहमद सहित महिला प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

# 'प्रशासन गांव की ओर' शिविर बाड़ी में कलेक्टर श्रीनिधि ने की जनसुनवाई



**धौलपुर, विजय शर्मा।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि प्रशासन गांवों की ओर अभियान के तहत अधिक से अधिक आमजन की समस्याओं का निस्तारण कर राहत पहुंचाई जाये। उन्होंने कहा कि परिवादों के निस्तारण में आ रही दिक्कतों की जानकारी लेकर उन्हें दूर किया जाये ताकि परिवादी को बार-बार अपनी समस्या को लेकर नहीं आना पड़े। जिला कलक्टर शुक्रवार को पंचायत समिति बाड़ी परिसर में शुक्रवार को प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत आयोजित शिविर को सम्बोधित करते हुए बोल रहे थे। जिला कलक्टर ने इस दौरान राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, सीपी ग्राम पोर्टल, राजस्व एवं पंचायती राज के परिवाद एवं लोक सेवा गारंटी के तहत प्राप्त आवेदनों का ऑफलाइन एवं ऑनलाइन निस्तारण हेतु निर्देश दिये। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए बेहतर समन्वय हेतु निर्देशित किया ताकि समस्याओं के निस्तारण में विलम्ब न हो। शिविर के दौरान जिला कलक्टर ने हाथों-हाथ कई परिवादों का निस्तारण कराया। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी बाड़ी हेमन्त कुमार घनघोर, विकास अधिकारी रामबोल सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं आमजन बडी संख्या में मौजूद रहे। सुशासन सप्ताह के तहत जारी प्रशासन गांव की ओर अभियान शिविर बाड़ी पंचायत समिति के अतिरिक्त राजाखेडा पंचायत समिति में भी आयोजित किये गये।

**लाखन को फिर मिलेगी पेंशन, मिट गई गुजारा खर्चे की टेंशन:** प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत लाखन सिंह ग्राम बुधावली, ग्राम पंचायत सेवरपाली ने जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी को अपनी रुकी हुई सामाजिक सुरक्षा पेंशन के बंद होने के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया। वृद्ध लाखन ने बताया कि उनकी पेंशन का वार्षिक भौतिक सत्यापन फिंगरप्रिंट से नहीं हो पा रहा था और फेस एप तथा आइरिस से भी सत्यापन नहीं हो रहा था। जिस कारण उनकी पेंशन 15 माह से बंद हो गई थी। जिस पर जिला कलक्टर ने मामले को संवेदनशीलता से लेते हुए प्रार्थी के परिवाद को सुनवाई में दर्ज किया गया साथ ही विकास अधिकारी के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन को मौके पर ही चालू कराया गया एवं वार्षिक भौतिक सत्यापन सेक्शन अथॉरिटी द्वारा कराया गया एवं परिवादी का मौके पर ही परिवाद निस्तारण किया गया। वृद्ध लाखन की आंखों में अपनी पेंशन पुनः शुरू होने पर खुशी की चमक आ गई। उन्होंने कहा कि पेंशन शुरू होने पर अब गुजारा खर्चे की टेंशन खत्म हो गई।

# बोर्ड परीक्षा तैयारी और योजनाओं पर शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न



**समय जगत, मनेद्रगढ़।** आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी और शिक्षा विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, मनेन्द्रगढ़ में एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर से आए सहायक संचालक प्रवीण श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा सहित जिले के सभी प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी और विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शामिल हुए। बैठक की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान श्री श्रीवास्तव ने अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम, प्री-बोर्ड और बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के साथ-साथ अन्य प्रमुख मुद्दों जैसे अपार आईडी, तंबाकू मुक्त विद्यालय अभियान, पेंशन प्रकरण, ऑनलाइन अवकाश आवेदन और वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (सीआर) पर चर्चा की। उन्होंने बेहतर कार्य प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने 2024 की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए प्रदर्शन समीक्षा की। उन्होंने शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले प्राचार्यों से उनकी कार्य योजना का फीडबैक लिया, जबकि कम परिणाम वाले विद्यालयों के प्राचार्यों से उनकी चुनौतियों और समस्याओं की जानकारी मांगी। मिश्रा ने शिक्षकों की कमी को प्राथमिकता से दूर करने और परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए ठोस रणनीति लागू करने पर जोर दिया। इस बैठक में शिक्षा गुणवत्ता को बढ़ाने और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया गया। उपस्थित अधिकारियों ने भी अपने विचार साझा किए और समाधान के सुझाव प्रस्तुत किए।

### एआरटीओ ऑफिस में बिचौलियों के बिना नहीं होता कोई काम!

**महोबा ।** जनपद का एआरटीओ ऑफिस इन दिनों भ्रटाचार का गढ़ बना हुआ है । दफ्तर में बिना दलाली के कोई काम नही होता जिस कारण जनपदीय लोग खासे नाराज दिख रहे है । एक तरफउत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ प्रदेश में जीरो टाइलेन्स नीति पर काम कर रहे है तो वही जनपद के एआरटीओ उनकी नीति पर पानी फेरते नजर आ रहे है । ऑफिस में सुबह से लेकर शाम तक दलालों का जमावड़ा लगा रहता है । आरटीओ विभाग के रोड के अगल बगल खुली दर्जनों दुकानों और ऑफिस में इन दलालों ने अपना अड्डा जमा लिया है । जनपद के रहवासी बताते है कि साहब नेटवर्ग इतना तगड़ा है कि वह जनपद के विभिन्न स्थानों पर भी अपने दलाल फिट कर रखे है जो ऑफिस संबंधित कार्यो को लाकर अच्छा खासा कमीशन साहब को देते है । मजे की बात तो यह है कि जनपद के जो ब्यक्ति अपना परिवहन संबंधी कार्य लेकर ऑफिस जा कर सयंम कराने की कोशिश करते है भी तो साहब व उनके कर्मचारी उन्हें नियम कानून बता महीनों ऑफिस के चक्कर काटने को मजबूर करते है । सूत्रो से मिली जानकारी के मुताबित साहब के एक दर्जन से अधिक प्राइवेट ब्यक्ति कार्यालय के सरकारी कर्मचारी बनकर ऑफिस में अपना डेरा जमाए हुए है जो ऑफिस में अपनी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन, ड्राइवर लाइसेंस, गाड़ियों का ट्रांसपर व फिटनिश तथा अन्य परिवहन संबंधी कार्य को सम्पन्न कराने के लिए आते है ।


# कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद-महोबा

**(ई प्रोक्योरमेण्ट नोटिस)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

**पत्रांक : 298/एन.पी.के./निविदा सूचना/2024-25 दिनांक- 18.12.2024**

सीवरेज एवं जल निकासी योजना से नगर पंचायत, कुलपहाड द्वारा निम्नांकित निर्माण कार्य की निविदा दिनांक 19.12.2024 से 25.12.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 26.12.2024 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हें विभाग की बेवसाईट **http://etender.up.nic.in** पर भी देखा जा सकता है । बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ लें ।

**(प्रवेन्द्र कुमार)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत, कुलपहाड़ जनपद-महोबा**

**(वैभव अरजरिया)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत, कुलपहाड़ जनपद-महोबा**

# जिला पंचायत सीईओ की पूर्णकालिक पदस्थापना को लेकर दूसरे दिन भी आमरण अनशन जारी

■ ग्राम पंचायतों जनपद पंचायतों एवं जिला पंचायत में भ्रष्टाचार और योजनाओं में धांधली को लेकर अनशन जारी

■ लालमणि त्रिपाठी, सामाजिक कार्यकर्ता शिवानंद द्विवेदी सहित दर्जन भर जिला पंचायत सदस्य जिला पंचायत परिसर में ही धरने पर बैठे



**समय जगत, रीवा।** जिला पंचायत रीवा में पूर्णकालिक जिला सीईओ को पदस्थापना और व्यापक भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर चल रहे धरने प्रदर्शन में जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी का सहयोग देने के लिए दूसरे दिन भी काफी संख्या में जिला पंचायत सदस्य, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं आरटीआई एक्टिविस्ट सहित कई संगठनों के पदाधिकारी के साथ आम जनमानस उपस्थित रहे जिनमें मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य - बृजेश कोरी, सुंदरियां आदिवासी, योगेंद्र सिंह, ममता राजा कुशवाहा, पुष्पा राकेश सिंह, पद्मेश गौतम, श्रीमती गुलबसिया वर्मा, प्रमोद कुमार जैशवाल, देवेन्द्र शुक्ला, लालजी पांडेय, समाजसेवी प्रभात कुशवाहा के साथ सामाजिक आरटीआई एक्टिविस्ट शिवानंद द्विवेदी, गिरिजेश सिंह सेंगर, रामजीत सिंह किसान सभा, अमित सोहगौरा, ए एस द्विवेदी, प्रभात कुमार त्रिपाठी, बृजभान पटेल, बाबूलाल शुक्ला, प्राजल अग्निहोत्री, धीरू शुक्ला, सत्यधारी, रामानुज तिवारी, इंद्रजीत सिंह एवं गया प्रसाद मिश्रा, कमलेश तिवारी, अनिल उपकारीपांडेय,पवन दुबे, संजय निगम, शुभम् उपाध्याय, पप्पू कनौजिया ओ.बी.सी महासभा, समाजसेवी कमलेश तिवारी, कृष्णा द्विवेदी आदि नागरिकगण मौजूद रहे। अब यदि देखा जाय तो देश में पंचायतीराज व्यवस्था लाने के पीछे का उद्देश्य था कि सुदूर ग्रामों में बसे हुए सबसे निचले कतार में खड़े नागरिकों को शासन की योजनाओं सड़क, बिजली, पानी, पेंशन, राशन, आवास, शौचालय सहित समय समय पर आने वाली शासन की अन्य योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। विधायक निधि सांसद निधि वित्त आयोगों और नरेगा योजना की अरबों खरबों की राशि सरकार आम नागरिकों के विकास के लिए खर्च करने का दावा करती है। लेकिन दावा और हकीकत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है की जहां मनरेगा योजना के कार्य मजदूरों के स्थान पर मशीनों से करवाए जाते हैं फर्जी हस्ब्स की फोटो अपलोड की जाती हैं वहीं विधायक सांसद निधियों की राशियों का उपयोग विधायकों और सांसदों के विकास और जेब भरने में उपयोग हो रही हैं। वित्त आयोगों की हजारों करोड़ों रुपए की राशियों का उपयोग पंचायतें और जनपद जिला के अधिकारी पदाधिकारी अपने व्यक्तिगत हित साधने में लगा रहे हैं। कागजों पर तो विकास कायों की भरमार लगी है लेकिन मौके हकीकत कुछ और बयान करती हैं। वर्तमान में तो जन कल्याण पर्व चल रहा है लेकिन हालात यह हैं की जब सीईओ जिला पंचायत ही नहीं हैं तो इस पर्व को सार्थक ढंग से क्रियान्वित कौन करेगा यह अपने आपने ही बड़ा सवाल है। इन्ही जनहितैषी मुद्दों को लेकर जिला पंचायत रीवा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी की पूर्णकालिक पदस्थापना सहित भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर दिनांक 19 दिसंबर 2024 से अनवरत धरना अनशन जिला पंचायत परिसर में जारी है। गौरतलब है की अनशन के विषय में विज्ञप्ति 16 दिसंबर को ही जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी एवं सामाजिक कार्यकर्ता शिवानंद द्विवेदी सहित अन्य नागरिकों द्वारा कमिश्नर रीवा संभाग जिला कलेक्टर रीवा एसपी रीवा एवं सीईओ जिला पंचायत रीवा को दिया जाकर मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं चीफ सेक्रेटरी सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं सामान्य प्रशासन विभाग को ईमेल आदि ट्विटर फेसबुक आदि के माध्यम से भेजे गए थे। मामले का समय पर निराकरण न होने से आधा दर्जन जिला पंचायत सदस्यों एवं सामाजिक आरटीआई कार्यकर्ता सहित लोग जिला पंचायत परिसर में ही दिनांक 19 दिसम्बर को धरने पर बैठ गए जो निरंतर आज दूसरे दिन भी जारी है। धरने में भीषण हाड़ गला देने वाली ठंड में प्रदर्शनकारी रात में भी जिला पंचायत परिसर में डटे रहे। धरने के पहले दिन 19 की रात लगभग साढ़े 6 बजे प्रभारी सीईओ जिला पंचायत रीवा सपना त्रिपाठी आई और धरने पर बैठे जिला पंचायत सदस्यों को मनाने का प्रयास किया लेकिन उनके पास कोई सार्थक निराकरण न होने से बात नहीं बन सकी। जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी ने बताया की वह धरने से तब तक नहीं उठेंगे जब तक कमिश्नर रीवा संभाग स्वयं आकर समस्या का निराकरण नहीं करते और सरकार तक उनकी मांगे नहीं पहुंचाते। देखा जाए तो पिछले 6 माह से अधिक समय से सीईओ जिला पंचायत का कामकाज ठप्प पड़ा हुआ है। प्रभारी सीईओ जिला पंचायत सपना त्रिपाठी अपने मूल पद एडीएम का ही कामकाज सही ढंग से नहीं देख पा रही हैं तो भला इनसे जिला पंचायत के कार्यों को ठीक ठाक ढंग से करने की कौन उम्मीद करे। कोई जिम्मेदार मुखिया न होने से हाल यह हैं की जिला पंचायत सहित जनपद पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में अराजकता का माहौल बन गया है। भ्रष्टाचार की समस्या व्यापक स्तर पर हैं और आम जनता की तो बात छोड़ दें यहां तो जन प्रतिनिधियों के यह हालात हैं की उनकी तक सुनवाई नहीं हो पा रही है। फिलहाल अब देखना यह होगा आज धरने के दूसरे दिन क्या कुछ समाधान निकल पाता है। समाचार लिखे जाने तक धरने के दूसरे दिन भी कोई सरकारी पदाधिकारी धरना स्थल तक नही पहुंचे थे।

## सार-समाचार

### मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने गौरी धान खरीदी केंद्र का किया औसत निरीक्षण

**रीवा।** उपार्जन केन्द्र गौरी में कृषको की तौल नहीं होने की सूचना पर कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, अनुविभागीय अधिकारी हनुमना कमलेश पुरी, तहसीलदार हनुमना कुवांरे लाल पनिका एवं कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी हनुमना औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय केन्द्र में गंभीर अनियमितता पाई गई। दो से तीन दिवस से कृषकों की धान तौल हेतु लंबित है। समिति प्रबंधक गौरी केन्द्र में उपस्थित नहीं थें, केन्द्र की व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी श्रीकान्त त्रिपाठी की डियुटी लगाई गई थी जो केन्द्र में अनुपस्थित पाए गए। लगभग 10,000 बोरिया केन्द्र में बिना सिली पाई गई, जिनकी स्टैकिंग नहीं की गई थी। केन्द्र में लगातार अनुपस्थित के कारण नोडल अधिकारी श्रीकान्त त्रिपाठी को कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया तथा संस्था के सहायक प्रबंधक मनीष दहायत एवं प्रशासक दुर्गेश मिश्रा को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किये गया, जिनके स्पष्टीकरण प्राप्त कर कार्यवाही की जावेगी। जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, नायब तहसीलदार को निर्देशित कर जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण कराया गया जिसमें कलेक्टर मऊगंज द्वारा भी स्वयं निरीक्षण कर कार्यवाही की गई।

### सैनिक स्कूल रीवा में अमरुद दिवस का आयोजन



**रीवा।** सैनिक स्कूल रीवा में दिनांक 20 दिसंबर 2024 को अमरुद दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। विदित हो कि विगत 62 वर्षो में अमरुद दिवस का आयोजन सैनिक स्कूल रीवा में प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल के तत्वाधान में पहली बार किया जा गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को इस फल के महत्व और इसके पोषण संबंधी गुणों से परिचित कराना था, जो विटामिन, एंटीऑक्सिडेंट्स और फाइबर से भरपूर होता है और समग्र स्वास्थ्य में योगदान करता है। सैनिक स्कूल रीवा के कैंपस में अमरुद के वृक्ष बहुतायत से पाए जाते हैं तथा विगत 2 वर्षो में प्राचार्य की देखरेख में वृक्षारोपण अभियान के तहत बहुत से नए वृक्ष भी लगाए गए हैं। इस उत्सव में कैडेट्स ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे समूह गान, संस्कृत व अंग्रेजी ड्रामा का भी आयोजन किया गया। इसी श्रंखला में सायं 4 बजे शिक्षक व कैडेट्स के बीच मैत्री वॉलीवाल मैच भी आयोजित किया गया। जो कि अत्यंत रोमांचकारी रहा। अंत में स्कूल मेस लॉन में विशाल अमरुद पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल ए पी एस भुल्लर, प्रशासनिक अधिकारी, स्काड्रन लीडर सी एच त्रिलोक कुमार, उपप्राचार्य, डॉ आर एस पाण्डेय, वरिष्ठ अध्यापक, समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी व कैडेट्स उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विशिष्ठ अतिथि के रूप में श्रीमती नेहा रावल, प्रथम महिला, सैनिक स्कूल रीवा व पुरा छात्र उपस्थित रहे।

### मनस्विनी को तृतीय रनर की उपलब्धि से विन्ध्य गौरान्वित

**रीवा।** प्रबल इच्छा शक्ति, दृढ़ संकल्प, पढ़ाई में रुचि एवं गुरु का सही मार्गदर्शन ही बच्चों की प्रतिभा निखार कर उन्हें विश्वपटल पर अपनी अमिट छाप अंकित करने का अवसर देता है। ऐसा ही कुछ पहचान दिलाने का कार्य यूसीमास संस्था कर रही है। रीवा में संचालित यूसीमास में सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल रीवा में कक्षा 3 में अध्ययनरत छात्रा मनस्विनी सिंह सुपुत्री डॉ. दिव्या सिंह एवं रवि सिंह बघेल ने समूचे विंध्य सहित मध्य प्रदेश एवं अपने परिवार का नाम रोशन कर दिया। मनस्विनी की माँ डॉ. दिव्या सिंह ने बताया कि 14 दिसम्बर 2024 को देश की राजधानी नईदिल्ली के दिल्ली विश्वविद्यालय में यूसीमास की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता यूसीमास वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन किया गया था, इस प्रतियोगिता में 8 मिनट में गणित के 200 प्रश्न हल करना था। जिसे समय रहते मनस्विनी ने बखूबी हल किया और विश्व स्तरीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में तृतीय रनर अप का खिताब जीतकर विश्व स्तर में विन्ध्य और मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया। डॉ दिव्या सिंह ने बताया कि मनस्विनी की इस उपलब्धि में उसके गुरु रोहित कपूर एवं दीपिका कपूर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में विश्व के 30 देशों से बच्चे भाग लिए जिसमे रीवा के कृषि महाविद्यालय आवासीय कालोनी निवासी मनस्विनी ने ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित कर सभी को गौरान्वित कर दिया। मनस्विनी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरु, माता पिता एवं समस्त परिवारजनों को दिया है। मनस्विनी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर सैकड़ों लोगों ने बधाई देकर सुभकामना दी हैं।

### टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट के नौवें सत्र के पांचवे दिन 2 मुकाबले हुये

**रीवा।** वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय भैयालाल शुक्ला स्मृति टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का नौवा सत्र अवधेश प्रताप सिंह क्रिकेट ग्राउंड चुंगीनाका में कराया जा रहा है, मीडिया प्रभारी संदीप कुमार तिवारी ने बताया टूर्नामेंट के पांचवे दिन अंतिम लीग मुकाबला एस आर आर बनाम रायपुर रायल्स के बीच खेला गया अम्बुज 11 झलवार 21 रनों से विजयी हुई, वही दो क्वाटर फाइनल मुकाबला खेला गया, पहला मुकाबला अम्बुज इलेवन झलवार बनाम स्टार इलेवन खरमसेड़ा के बीच खेला गया अम्बुज इलेवन झलवार 30 रनों से विजयी हुई, दूसरा मुक़ाबला नानू इलेवन सिवनी बनाम रायपुर रॉयल्स के बीच हुआ नानू इलेवन सिवनी 5 विकेट से विजयी हुई, सद्भावना मैच प्रशासन इलेवन बनाम पत्रकार इलेवन सुबह 8ः00 बजे से खेला जाएँगा, सेमीफाइनल मुकाबले पहला अम्बुज इलेवन झालवार बनाम केटी रिसोर्ट एव दूसरा नानू इलेवन सिवनी बनाम सूरज सिवान्य होम्स के बीच खेला जायेंगा। फाइनल 22 दिसंबर रविवार को खेला जायेंगा। राष्ट्रीय एकता मंच समिति के संयोजक एव आयोजक अखिलेश शुक्ला, अरुण मिश्रा, सतीश सिंह, कृष्णकांत मिश्रा, प्रदीप तिवारी, अजय साकेत, अतुल मिश्रा, अखिलेश सिंह गुड्डू, संजीव सिंह रिंकु, सुतीक्ष्ण समदारिया कमांडो, रविशंकर चतुर्वेदी मशाला किंग, संदीप कुमार तिवारी मीडिया प्रभारी आदि द्वारा किया जा रहा है।

## जुलूस निकालकर किया पुतला दहन

**रीवा।** देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के खिलाफ अभद्र एवं अर्मायादित टिप्पणी के खिलाफजिला कांग्रेस कमेटी रीवा एवं युवक कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में केन्द्रीय गृह मंत्री के पुतले का शिल्पी प्लाजा में जुलूस निकाल कर पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष लखनलाल खण्डेलवाल ने राज्यसभा में गृह मंत्री के बयान की कटु अलोचना करते हुए कहा कि संसद में राहुल गांधी को प्रवेश नही करने दिया जा रहा था, और जब वह संसद जाने लगे तो भाजपाईयों ने चोट का बहाना बनाकर बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। श्री खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा के मंसूबों को कांग्रेस पार्टी सफ्ल नही होने देगी। तथा अपने देश के नेताओं के सम्मान में हर प्रकार की कुर्बानी देने के लिए तैयार है। पुतला दहन कार्यक्रम मे उपस्थित कांग्रेस जनों एवं युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जिला कार्यवाहक अध्यक्ष अनूप सिंह चंदेल ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर न केवल कांग्रेस पार्टी के लिए वरन् देश के हर समाज और धर्म के संरक्षक रूप मे जाने जाते हैं।

## नगर निगम, नापतौल एवं खाद्य विभाग की संयुक्त कार्यवाही में किया पेट्रोल पंप सीज

**रीवा।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत कल्याण पेट्रोल पम्प का दिनांक 20 दिसम्बर को जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन के अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में संचालन बन्द कराया गया एवं नापतौल, खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा पेट्रोल पम्प सीज करने की कार्यवाही की गई। रीवा सुधार न्यास की योजना क्र.7 यातयात नगर के अंतर्गत यह भूमि का अर्जन 19 जनवरी 1984 को हुआ था, इस भूमि के खसरा क्र.109 का रकवा 88 डिसमिल है, जो श्री सुदर्शन वर्मा की निजी भूमि थी, भूमि अर्जन पश्चात् सुदर्शन वर्मा को भूमि का मुआवजा भुगतान किया गया और उन्होने भूमि का अग्रिम आधिपत्य नगर निगम रीवा को सौपा। यह भूमि नगर निगम रीवा के स्वामित्व की है, जिसमें भारत पेट्रोलियम द्वारा मेसर्स कल्याण पेट्रोल पम्प संचालित था, इन लोगों द्वारा अवैध रूप से पेट्रोल पम्प संचालित किया जा रहा था, प्रकरण माननीय न्यायालय में इन लोगो द्वारा दायर किया गया था, जिस पर अगस्त 2021



को माननीय न्यायालय द्वारा इनका दावा खारिज कर दिया गया और इन्हे अतिक्रामक माना गया। तत्पश्चात् दिनांक 04.09.2021 को पेट्रोल पम्प सीज किया गया। इसके पश्चात् माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 27.06.2022 के पालन में दिनांक 15.07.2022 को पेट्रोल पम्प खोला गया और माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार भूमि आवंटन के संबंध में इन्हे दिनांक 25 जनवरी 2023 से 06.09.2023 तक 05 प्रस्ताव भेजे गये। किन्तु इनके द्वारा सहमति नहीं दिये जाने के कारण दिनांक 09.09.2024 को पेट्रोल पम्प का शोरूम सीज किया गया। इसके पश्चात् दिनांक 19.09.2024 को इनके द्वारा प्रेषित प्रस्ताव अनुसार राशि जमा करने का आवेदन दिया गया और प्रकरण एम.आई.सी. में दिनांक 24.10.2024 को निर्णय लिया गया कि पेट्रोल पम्प हेतु आरक्षित भूमि 28348 वर्गफिट की राशि रूपये 102669583.00 15 दिवस के अन्दर जमा करें, इन्हे 04.11.2024 को सूचना भेजी गई, किन्तु राशि जमा नहीं की गई और इन्होने कुछ संशोधन चाहा, संशोधन नियमों के परिधि में नहीं होने से इन्हे 29.11.2024 को पुनः 03 दिवस के अन्दर राशि जमा करने की नोटिस दी गई, किन्तु भारत पेट्रोलियम एवं कल्याण पेट्रोल पम्प के द्वारा राशि जमा नहीं की गई, जिस कारण निगम आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे द्वारा प्रेषित प्रस्ताव निरस्त करने की सूचना दिनांक 13.12.2024 को इन्हे दी गई और दिनांक 17.12.2024 को कलेक्टर महो. एवं एस.पी. महो. को पेट्रोल पम्प संचालन बन्द कराने हेतु सहयोग लिया जाकर दिनांक 20.12.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे खाद्य विभाग, नापतौल विभाग, नगर पालिक निगम रीवा, जिला प्रशासन के अधिकारियो की उपस्थिति में पेट्रोल पम्प का कार्यालय एवं पेट्रोल पम्प सीज किया गया। कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला, नापतौल विभाग के विजय खारत एवं सचिन सोनी, खाद्य विभाग से विनीत, नगर निगम कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, उपायुक्त एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, सहायक राजस्व अधिकारी रावेन्द्र सिंह, राजस्व निरीक्षक रविप्रकाश मिश्रा, उपयंत्री श्यामसुन्दर मिश्रा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## हनुमना नगर में आवारा मवेशियों के चलते गई महिला व एक गोमाता की जान एक युवक गंभीर

**रीवा।** इस समय हनुमना नगर में आवारा मवेशियों के आतंक से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है जिसके चलते हनुमना नगर की एक महिला को अपनी जान गंवानी पड़ी वही एक गो माता को भी इन आवारा पशुओं मवेशियों ने घेरकर मार डाला वही एक युवक संजय गांधी मे गंभीर घायल चिकित्सारत है। वही कई लोगो को पहले भी घायल कर चुके हैं जो हनुमना के साथ-साथ जिला अंतर्गत इस समय गाय और बैल बीच सड़क पर घूमते रहते हैं कई बार इन जानवरों का शिकार टू व्हीलर फोर व्हीलर एवं बड़े वाहन से उनकी टक्कर होना आम बात सी हो गई है जिसके चलते बाइक चालक एवं राहगीरों को चोट लगने से जान भी गंवानी पड़ सकती हैं जो अभी हाल में एक महिला की मौत भी चुकी है लेकिन शासन प्रशासन चुप्पी क्यों साधा है एक ओर प्रदेश सरकार के आदेश को देखते हुए जिला प्रशासन ने सड़क से आवारा मवेशियों को हटाने के लिए कर्मचारी नियुक्त किए हैं लेकिन ये कर्मचारी कहां पर कार्य कर रहे हैं कहां जानवरो को हटा रहे हैं यह जनता के समझ के परे हैं देखा जाए तो हनुमना बाजार में कई लड़ाकू सांड व बैल मौत का आतंक बनकर घूमते रहते है जिन्हें देखकर किसी की भी रूह कांप जाये जो इन बैलों को जानते हैं वह दूर हो जाते हैं लेकिन दूरदराज से से आए हुए लोग अपना सामान अगर बाइक में या ऑटो रिक्शा में रख देते हैं तो इन आवारा बैलों/ व इतनेसे पर भी आतंक है कि यह उसे समान को अव्स्थित कर कर खराब कर डालते है और विरोध करने पर लोगों पर प्राण घातक प्रहार करने से नहीं चूकते है। उल्लेखनीय है कि आवारा पशुओं व बलो के चक्कर में हनुमना नगर के कई लोगों को जहां चोटे आई हैं वही विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी वरिष्ठ भाजपा नेता सरयू प्रसाद वैद्य की राधा नामक गाय को आवारा पशुओं ने घेरकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया जिससे एक घंटे के अंदर उसकी मौत हो गई वही आषुतोष जायसवाल पिता नारायण जायसवाल बुरी तरह एक सांड के हमले से घायल हो जाने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केंद्र हनुमना के डाक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद जी एम एच रीवा के लिए रेफर कर दिया। स्थानीय नागरिकों ने मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव एवं अनुविभागीय अधिकारी हनुमना नगर परिषद हनुमना का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की जाती है कि इन आवारा मवेशियों को काबू कर गौशाला में छोड़ दिया जाए जिससे लोगों के जानवर की रक्षा हो सके।

## वर्किंग लेडी को अभद्र एवं अश्लील मैसेज करने वाले आरोपी को मऊगंज न्यायालय ने सुनाई 3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

**रीवा।** आरक्षी केन्द्रो मऊगंज जिला रीवा (म.प्र.) के अपराध क्र. 31/2016 अंतर्गत धारा-294, 509 भादवि0, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 67, धारा 354-क(1)(द्बद्ब) एवं 354- घ(1)(द्बद्ब) भादसंके प्रकरण में आरोपी सुखेन्द्र पटेल पिता शंकरदयाल पटेल उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम-घुरेहटा, वार्ड क्र0-11 थाना मऊगंज जिला रीवा म0प्र0 द्वारा वक्रिंग महिला को अभद्र एवं अश्लीनल मैसेज करने के अपराध का दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय- ओशी जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, मऊगंज जिलामऊगंज म0प्र0ने आरोपी कोआईटी एक्टा की धारा 67 के तहत 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000/- रू अर्थदण्ड्,भादवि की धारा 354-क(1)(द्बद्ब) के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं 2000/- रू अर्थदण्ड/, भादवि की धारा धारा 354-घ(1)(द्बद्ब) के तहत2 वर्ष सश्रम कारावास एवं एवं 1000/- रू अर्थदण्ड/,भादसं की धारा 509 के तहत6 माह का साधारण कारावास एवं 1000/- रू जुर्मानाकी सजा से दण्डित किया। अभियोजन कार्यालय के सहायक जनसंपर्क अधिकारी विक्रम दुबे एडीपीओ रीवा ने जानकारी देते हुए बताया किपीडिता ने दिनांक 16.02.2016 को थाना मउगंज में उपस्थित होकर लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट किया कि उनके मोबाईल पर पिछले कुछ दिनों से ठ्ठद्मठ्ठ२2ठ्ठ मोबाइल नम्बतर से अश्लील एवंधमकी भरे मैसेज किये जा रहे हैं। पीड़िता अपनी दो बेटियों के साथ रहती है एवंउसके पति भी काम के सिलसिले में अक्सर बाहर जाते रहते हैं। उक्त। रिपोर्ट के आधार पर आरक्षी केन्द्र मऊगंज द्वारा अपराधक्रमांक 31/2016 अंतर्गत धारा 294, 509 भादवि0, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000की धारा-67 दर्ज किया गया। विवेचना की जाकर घटना का मौका नक्शा बनायागया। साक्षीगण के कथन लेख किये गये तथा अभियुक्त द्वारा अपराध प्रमाणित पायेजाने पर उसे गिरफ्तार कर जे.आर. पर जेल भेजा गया। अभियोगपत्र तैयार करन्यायालय में पेश किया गया। जिला अभियोजन अधिकारी श्री सुशील कुमार शुक्ला एवं वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री सूर्य प्रसाद पाण्डेय के मार्गदर्शन में विचारण के दौरान शासन की ओर से पैरवी करते हुए सहायक जिला अभियोजन अधिकारीश्रीमती अंजू सिंह चौहान मऊगंजजिलामऊगंजके तर्को से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय-ओशी जैन, न्याऊयिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, मऊगंज जिला मऊगंज म0प्र0, ने उक्त आरोपी को उपर्युक्त दण्ड से दंडित किया।

### ब्रांच मैनेजर से लेकर सीएम हेल्पलाइन में शिकायत

## सेवा सहकारी समिति लोढी में ब्लैक मार्केटिंग का बनाया वीडियो

**समय जगत, रीवा।** हनुमना- मुख्यालय से तकरीबन 25 किलोमीटर दूर सेवा सहकारी समिति लोढी के समिति प्रबंधक श्यामजी शुक्ला द्वारा किसानों को खाद न देकर चोरी से ट्रैक्टर में ब्लैक करते हुए जब ग्रामीणों ने पकड़ा और ट्रैक्टर में खाद लोड करते कराते हुए दो व्यक्तियों की वीडियो भी बनाया पूछने पर उन लोगों ने अपना नाम नहीं बताया इतना जरूरकहा कि जब समिति प्रबंधक ने चाबी दिया है तभी तो ले जा रहा हूं ज्यादा हंगामा होता इसके पहले ही तकरीबन 25 खाद की बोरियां लोड कर ट्रैक्टर चालक रफू चक्कर हो गया इस आशय की शिकायत वीडियो सहित ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन तथा सेवा सहकारी बैंक हनुमना के ब्रांच मैनेजर संतोष वर्मा से जब की गई तो उन्होंने जांच कराने की मांग बात कही लेकिन उसके बाद वह भी फोन नहीं रिसीव करते। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत लोढी स्थित सेवा सहकारी समिति प्रबंधक श्याम जी शुक्ला अपने काली करतूत के लिए अक्सर चर्चा में रहते हैं खाद बीज किसानों को देने की बजाय ब्लैक मार्केटिंग का इनके ऊपर अक्सर आरोप लगता रहा है कई दिनों से लगातार कृषक समिति का चक्कर लगाने के बावजूद यह कह कर बैरंग वापस कर दिया जाता कि खाद है ही नहीं ऊपर से ही नहीं आ रही है जब आएगी तो दी जाएगी वहीं दूसरी ओर 17 दिसंबर 24 को शाम 4ः00 बजे एक ट्रैक्टर लेकर दो लोग पहुंचे और समिति का ताला खोलकर खाद की बोरियां लोड कर रहे थे तभी ग्राम के प्रकाश सिंह पिता अखिलेश सिंह कुलदीप सिंह पिता भगवती प्रताप सिंह लवकुश सिंह पिता बेनी बहादुर सिंह आदि ग्रामीणों ने ट्रैक्टर में खाद लोड करने वाले दोनों लोगों से जब पूछा की आप लोग कौन हो कहां से आए हो किसके द्वारा यह खाद दी जा रही है उन लोगों ने कहा आप लोगों से क्या मतलब समिति प्रबंधक ने जब मुझे चाबी दी है तभी तो मैं तालाखोलकर खाद ले जा रहा हूं और आनन-फानन में तकरीबन 25-30 बोरी खाद लोड कर चैनल गेट बंद कर ताला लगाकर और रफू चक्कर हो गए जिसकी शिकायत प्रकाश सिंह दे सीएम हेल्पलाइन तथा सेवा सहकारी बैंक हनुमना समिति के ब्रांच मैनेजर संतोष वर्मा से भी की लेकिन संतोष वर्मा ने जांच करने की बात कह कर अभी तक तीन दिन बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की उल्टे फोन लगाने पर फोन भी नहीं उठाते अतः प्रकाश सिंह कुलदीप सिंह लवकुश सिंह आदि ग्रामीणों ने कलेक्टर महोदय मऊगंज का ध्यान आकृष्ट कराकर तत्काल ऐसे भ्रष्ट समिति प्रबंधक को बर्खास्त करने एवं इस समय अत्यावश्यक खाद किसानों को उपलब्ध कराने की मांग की है।

### शहरी नागरिक शिविर का उठाये लाभ



**रीवा।** यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव के आह्वान पर मुख्यमंत्री–जनकल्याण–अभियान अंतर्गत जन कल्याण पर्व शिविर का वार्डवार निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशन मे 20 दिसंबर को नगर निगम अंतर्गत जोन क्र. 3 वार्ड 15 रतहरा तालाब के पास रीवा में आयोजन किया गया। शिविर में नागरिकों को सभी हितग्राही मूलक लाभ जिनमें आयुष्मान कार्ड, पेंशन, राष्ट्रीय योजनाओं के लाभ, और स्थानीय शिकायतों का समाधान प्रदान किया जा रहा है। उक्त शिविर में 17 आयुष्मान कार्ड, 26 केवाईसी, 10 पथ विक्रेताओं के पंजीयन एवं लोगों को खाद्यान्न पर्ची में नाम जोड़े गये। साथ ही संबल योजना एवं कल्याणी, वृद्धापेंशन जैसे सभी राष्ट्रीय योजनाओं के आवेदन भी प्राप्त किये गये। शिविर के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री राजेश सिंह द्वारा वार्ड भ्रमण कर शिवाजी नगर में आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। वार्ड में मौजूद नाले के अगल बगल झाडियों की सफाई हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। शिविर में सहायक आयुक्त श्रीमती रूपाली द्विवेदी, श्री रामनरेश तिवारी, सहायक यंत्री अम्बरीश सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी रावेन्द्र सिंह, पूर्व पार्षद अशोक पटेल एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। शहर के नागरिकों से अनुरोध है कि वे इन शिविरों में भाग लें एवं शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। इस कड़ी में दिनांक 23.12.2024 को जोन क्र. 4 वार्ड 41 एवं 42 हेतु जगन्नाथ मंदिर प्रांगण रीवा में मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व के तहत शिविर का आयोजन किया जावेगा।

# सांसद भी बिजली चोरी करेंगे तो आम जनता पर क्या असर होगा?

## नजरिया

**संभल से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ गुरुवार को यहां दीपा सराय इलाके में उनके आवास पर बिजली चोरी के आरोप में मामला दर्ज किया गया। देर रात उन पर एफआई की कार्रवाई होने के बाद उनके घर की बिजली भी काट दी गई और बिजली विभाग ने 1 करोड़ 91 लाख का लगा जुर्माना ठोक दिया। पुलिस ने बताया कि उनके पिता पर भी बिजली विभाग द्वारा घर के निरीक्षण के दौरान सरकारी अधिकारियों को धमकाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। सांसद के खिलाफ बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 135 (बिजली की चोरी या बिजली का अनधिकृत उपयोग) के तहत मामला दर्ज किया गया है । बिजली विभाग के एक अधिकारी की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि विद्युत परीक्षण प्रयोगशाला से प्राप्त उपभोक्ता के मीटर की जांच करने पर यह स्पष्ट हो गया है कि मीटर से छेड़छाड़ करके बिजली चोरी की गई है। बिजली विभाग ने इलाके में सुरक्षाबलों की तैनाती के बीच बृहस्पतिवार सुबह बर्क के आवास पर निरीक्षण शुरू किया था। बर्क उन लोगों में शामिल हैं, जिनके खिलाफ पुलिस ने 24 नवंबर को संबल में हुई हिंसा के सिलसिले में भी मामला दर्ज किया गया है।**

अशोक भाटिया

शहर के कोट गर्वी इलाके में अदालत के आदेश पर मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का विरोध करने पर सुरक्षाकर्मियों के साथ हुई झड़प में चार स्थानीय लोगों की मौत हो गई थी। बर्क ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर कर अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने और अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की भी मांग की है।बर्क पर 24 नवंबर को लोगों को भड़काने का आरोप है। पुलिस ने आरोप लगाया है कि सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा का कारण उनका भड़काऊ भाषण था। रिट याचिका में सांसद ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा है कि उन्हें इस मामले में फंसाया गया है। उनके वकील के अनुसार, वह घटना स्थल पर मौजूद नहीं थे, फिर भी उन्हें प्राथमिकी में आरोपी बनाया गया है। इस बीच, बिजली विभाग के निरीक्षण के दौरान सरकारी अधिकारियों को धमकाने के आरोप में सांसद के पिता के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस अधीक्षक (संभल) कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि सुबह साढ़े सात बजे बिजली विभाग के संतोष त्रिपाठी दीपा सराय में बिजली उपकरणों की जांच कर रहे थे, तभी वह ममलूकुर रहमान बर्क (सांसद के पिता) के घर गए और वहां बिजली उपकरणों की जांच की। इस दौरान ममलूकुर रहमान बर्क ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया, सरकारी काम में बाधा डाली और कहा कि सरकार बदल जाएगी और हम तुम्हें बर्बाद कर देंगे, उन्होंने अपशब्दों का प्रयोग किया, इसका वीडियो बिजली विभाग ने बनाया है।बिश्नोई ने बताया कि ममलूकुर रहमान बर्क, वसीम, सलमान के खिलाफ नखासा थाने में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। संभल के दीपा सराय इलाके में बिजली विभाग ने समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जियाउर रहमान बर्क के आवास की जांच की। इस दौरान इलाके में भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शिरीष चंद्र ने संवाददाताओं से कहा कि बिजली विभाग ने दीपा सराय इलाके में सुरक्षित और सुचारू निरीक्षण के लिए पुलिस सहायता मांगी है। फिलहाल निरीक्षण जारी है। निरीक्षण किए जा रहे स्थान के बारे में विशेष रूप से पूछे जाने पर एएसपी ने कहा कि यह सांसद का आधिकारिक आवास है, जहां बिजली विभाग जांच कर रहा है। बिजली विभाग के उपमंडल अधिकारी



संतोष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सांसद के आवास पर दो-दो किलोवाट के दो कनेक्शन और 10 किलोवाट का सोलर पैनल है। उन्होंने कहा कि हालांकि, उपयोग और उपकरणों के आधार पर आवश्यकता आठ से 10 किलोवाट के बीच होनी चाहिए। सांसद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील कासिम जमाल ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि निवास में चार किलोवाट के दो कनेक्शन, 10 किलोवाट का सोलर पैनल और पांच किलोवाट का जनरेटर है। 'सेटअप' में दो 'एयर कंडीशनर', 6-7 'सीलिंग फैन (छत वाले पंखे)', एक रेफ्रिजरेटर और लाइट शामिल हैं। बिल बहुत कम है क्योंकि यहां परिवार के केवल चार सदस्य रहते हैं। सांसद, उनकी पत्नी, उनकी मां और उनके पिता। विद्युत विभाग का निरीक्षण जारी है क्योंकि अधिकारी अनुमानित खपत के मुकाबले मौजूदा कनेक्शन का मूल्यांकन कर रहे हैं। इलाके में पुलिस, पीएसी और त्वरित कार्रवाई बल के जवानों की तैनाती पर अधिवक्ता ने कहा कि यह ÷परिवार की छवि को धूमिल करने का प्रयास÷ है।

लम्बे समय से चल रही बिजली चोरी पर इतना सब होने के बाद सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज किया जा रहा है जबकि उनकों हर सुविधा मुफ्त मिलती है । सांसद को सैलरी के साथ अलग-अलग तरह के भत्ते मिलते हैं। अगर सिर्फ भत्तों को जोड़ा जाए तो वो आंकड़ा सैलरी से कहीं ज्यादा होता है। एक सांसद को हर माह 1 लाख रुपए बतौर वेतन मिलते हैं। यह मूल वेतन है।इन्हें हर माह 2 हजार रुपए दैनिक भत्ता, 70 हजार रुपए निर्वाचन क्षेत्र भत्ता, 60 हजार रुपए कार्यालय व्यय भत्ता मिलता है। इसके अलावा आवास, निर्वाचन क्षेत्र आवास और इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए तीनों टेलीफोनों पर सालाना 1,50,000 फ्री कॉल की जा सकती हैं। किराया मुक्त सरकारी आवास मिलता है। जिसके लिए हर साल 50,000 यूनिट बिजली मिलती है।इस तरह सिर्फ भत्तों को ही जोड़ा जाए तो यह आंकड़ा वेतन से कहीं आगे निकल जाता है।सांसद को पास भी दिया जाता है, जो उन्हें मुफ्त रेल यात्रा करने का अधिकार देता है। वह किसी भी ट्रेन की फर्स्ट क्लास एसी या एग्जिक्यूटिव क्लास में यात्रा कर सकते हैं। सरकारी काम के सिलसिले में विदेश यात्रा करने पर भी सांसद को सरकारी भत्ता देने का नियम है। हर सांसद को इलाज की सुविधा भी मिलती है। सांसद किसी भी सरकारी अस्पताल या रेफर कराने के बाद किसी प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराते हैं तो उसका खर्च सरकार उठाती है। इतना ही नहीं सांसद को सरकारी खर्च पर सिक्योरिटी गार्ड मिलते हैं। इन सब सुविधाओं के होते हुए भी एक सांसद द्वारा बिजली चोरी करना न केवल आश्चर्जनक होने के साथ दुर्भाग्यूर्ण भी है क्युकि वित्तीय प्रभाव के अलावा, बिजली चोरी सार्वजनिक सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर खतरा है। अवैध कनेक्शन और बिजली मीटरों के साथ छेड़छाड़ से आग लग सकती है, बिजली का झटका लग सकता है और अन्य दुर्घटनाएँ हो सकती हैं जो लोगों के जीवन और संपत्ति को खतरे में डाल सकती हैं। इसके अलावा, बिजली चोरी से अक्सर ब्लैकआउट और बिजली की कटौती होती है, जिससे अस्पताल, स्कूल और सार्वजनिक परिवहन जैसी महत्वपूर्ण सेवाएँ बाधित हो सकती हैं। बिजली चोरी का आम जनता पर भी असर काफी ज़्यादा है। जो उपभोक्ता विश्वसनीय और किफ़ायती बिजली तक पहुँच पाने में असमर्थ हैं, वे केरोसिन लैंप या लकड़ी के चूल्हे जैसे ऊर्जा के ख़तरनाक और प्रदूषणकारी स्रोतों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, ख़ास तौर पर महिलाओं और बच्चों के लिए जो घर के अंदर वायु प्रदूषण से सबसे ज़्यादा प्रभावित होते हैं।

बर्क के इस कारनामे से क्या आपको पता है उत्तर प्रदेश का संभल देश का नंबर वन बिजली चोर जिला बन गया है।जनता द्वारा जहां बिजली चोरी और बिजली के बकाया भुगतान को लेकर हैरान कर देने वाली जानकारी सामने आ रही है। बिजली विभाग के मुताबिक संभल शहर के बिजली उपभोक्ताओं पर बिजली का 123 करोड़ रुपये का भुगतान बकाया है। और हैरान कर देने वाली बात ये है कि संभल शहर में बिजली चोर हर महीने 11 करोड़ रुपये से ज्यादा की बिजली चोरी कर रहे हैं। इस लिहाज से संभल देश का सबसे बड़ा बिजली चोर जिला है। लेकिन आखिर संभल ने ये उपलब्धि कैसे हासिल की। संभल के बिजली चोरों ने कौन-कौन से जुगाड़ लगाए हुए हैं और कैसे संभल में बिजली चोरी का संगठित उद्योग चल रहा है। यह भी जानना जरुरी है । सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरें गवाही दे रही हैं कि उत्तर प्रदेश का जिला संभल को देश के नंबर वन बिजली चोर जिला का खिताब क्यों मिला है। समाजवादी पार्टी के बड़े नेता के दफ्तर में घुसते ही बिजली चोरी के साक्षात सबूत दिख गए। छत पर तो बिजली चोरी का पूरा नेटवर्क ही बिछा हुआ था। जब नेता ही बिजली चोरी कर रहे हों तो आम जनता को क्या डर। पूरे संभल में बिजली चोरी का खुल्ला खेल चल रहा है। संभल में बिजली विभाग की टीमें गली-गली जाकर बिजली चोरों की पहचान कर रही हैं। बिजली विभाग के लाइनमैन खंभों पर चढ़कर बिजली चोरों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। संभल में बिजली चोरी अब इतना कॉमन हो चुका है कि बिजली विभाग के दफ्तर में कटिया तारों का जमघट लग चुका है। संभल के बिजली दफ्तर में कबाड़ बनकर पड़े ये तार बिजली चोरी के टूल बने हुए थे।

## संपादकीय

# एक देश- एक चुनाव की रहा में संख्या बनी मुद्दा

देश में इन दिनों एक देश- एक चुनाव की काफी चर्चा हो रही है। भारत में एक देश, एक चुनाव आखिरी बार 1967 में हुआ था, जब मैं पैदा हुई थी और तब चौथी लोकसभा के चुनाव हुए थे।पहली बार पूरे देश में एक साथ मतदान 1951 में हुआ था, जब जवाहरलाल नेहरू के समय में पहला आम चुनाव हुआ था। यह बहुत बड़ा काम था क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र था। इस चुनाव में 1, 874 उम्मीदवार और 64 से ज़्यादा राजनीतिक पार्टियाँ, जैसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, 489 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव लड़ रही थीं। एक साथ चुनाव, जिसे एक राष्ट्र, एक चुनाव के रूप में भी जाना जाता है, भारत में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के प्रस्ताव को संदर्भित करता है। इस अवधारणा का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना, संसाधनों को बचाना और बार-बार होने वाले चुनावों के कारण होने वाली बाधाओं को कम करना है। लोकसभा और राज्य के चुनाव एक साथ कराने के विभिन्न लाभ क्या हैं? एक साथ चुनाव कराना संविधान के संघीय चरित्र के विरुद्ध कैसे होगा? अन्य संसदीय लोकतंत्रों में इस सम्बंध में अंतर्राष्ट्रीय प्रथाएँ क्या हैं? एक साथ चुनाव कराने से वित्तीय और प्रशासनिक संसाधनों की एक महत्त्वपूर्ण राशि की बचत हो सकती है, साथ ही चुनाव प्रचार में लगने वाला समय भी बच सकता है। एक साथ चुनाव कराने से चुनाव-संचालित नीति निर्माण का प्रभाव कम हो सकता है, जिससे सरकारें अल्पकालिक राजनीतिक लाभों के बजाय दीर्घकालिक योजना और कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं। बार-बार चुनाव कराने से मतदाता थक सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप मतदान कम हो सकता है। चुनाव के दौरान लागू की जाने वाली आदर्श आचार संहिता विकास परियोजनाओं और नीतिगत निर्णयों में बाधा उत्पन्न कर सकती है।इन चुनावों में मौजूदा मंत्रियों और विधायकों का समय बर्बाद होता है, क्योंकि उन्हें प्रचार के दौरान अपना ध्यान क्षेत्रीय चुनावों पर लगाना पड़ता है। इससे मीडिया रिपोर्टिंग का महत्वपूर्ण समय भी नष्ट हो जाता है, जो सार्वजनिक नीतियों की जांच करने के बजाय चुनाव जीतने वाले लोगों पर चर्चा करने में व्यस्त रहता है। इसलिए, कुल मिलाकर, इन चुनावों में समय और धन की कुल हानि हुई है। देश- एक चुनाव से जुड़े विधेयक को ज्वाइंट पार्लियामेंट कमेटी को भेज दिया गया है, जिस पर अब विचार विमर्श होगा क्यों कि यह विधेयक पारित कराने के लिये लोकसभा एवं राज्यसभा में दो तिहाई बहुमत की जरूरत है, जो मौजूदा परिस्थितियों में सत्तासीन एनडीए के पास नहीं है।

# विश्व ध्यान दिवसः आत्म साक्षात्कार और विश्व शांति की ओर एक कदम

डॉ नीलम महेंद्र

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 दिसंबर से विश्व ध्यानदिवस मनाने की घोषणा एक ऐतिहासिक कदम है। दरअसल मेडिटेशन या ध्यान को सदियों से केवल आध्यात्म से जोड़कर देखा जाता था। लेकिन आज विज्ञान ने यहसिद्ध कर दिया है कि मेडिटेशन का सकारात्मक प्रभाव केवल मानव के मन या मस्तिष्क हीनहीं उसके तन पर भी पड़ता है। इसलिए 21 जून को योग दिवस मनाए जाने के बाद सम्पूर्ण विश्व में अब 21 दिसंबर को ध्यान दिवस केरूप में मनाने का उद्देश्य योग की हीभांति ध्यान को जन-जन तक पहुंचाना और इसे मानव जीवन के अभिन्न अंग के रूप मेंस्थापित करके एक स्वस्थ विश्व की नींव मजबूत करना है। वस्तुतः वर्तमान युग में जब मनुष्य तेजी से भागदौड़ औरतनावपूर्ण जीवन जीने के लिए विवश है, ध्यान उसके मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को संतुलित करने का एक सहज, सरल प्राकृतिक साधन बन गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन केअनुसार, मानसिक स्वास्थ्य सेजुड़ी समस्याएं आज वैश्विक स्तर पर प्रमुख स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक बन गईहैं। वर्ष 2023 के आंकड़ों के अनुसार, लगभग 280 मिलियन लोग मानसिक रूपसे पीड़ित हैं और 40त्न युवा तनाव और मानसिकअस्थिरता का सामना कर रहे हैं। खास बात यह है कि ध्यान, एक साधारण लेकिनशक्तिशाली प्रक्रिया, इन समस्याओं का प्रभावीसमाधान प्रदान कर सकती है। अध्ययनों ने यह सिद्ध किया है कि ध्यान मस्तिष्क मेंडोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे सकारात्मक रसायनों के स्तर को बढ़ाता है, जो तनाव को कम करते हैंऔर मूड को स्थिर रखते हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, केवल आठ सप्ताह के ध्यानअभ्यास से मस्तिष्क के ग्रे मैटर में वृद्धि देखी गई, जो सीखने, याददाश्त और भावनात्मकविनियमन में सहायक है। इस प्रकार विभिन्न शोधों में यह बात वैज्ञानिक आधार परसिद्ध हो चुकी है कि ध्यान केवल मनुष्य की आध्यात्मिक उन्नति का साधन नहीं है, बल्कि नियमित रूप से इसकाअभ्यास उसके जीवन के हर पहलू को समृद्ध कर सकता है।

ध्यान के वैज्ञानिक आधार को समझने के लिए न्यूरोसाइंस मेंकिए गए शोधों पर ध्यान देना आवश्यक है। वाशिंगटन यूनिवर्सिटी में किए गए एक अन्यअध्ययन में यह पाया गया कि नियमित ध्यान मस्तिष्क के अमिगडाला (जो भय और तनाव काकेंद्र है) की गतिविधि को कम करता है, जिससे व्यक्ति तनावपूर्ण स्थितियों में भी शांत और संतुलितबना रहता है। ध्यान के इन वैज्ञानिक लाभों को अब विभिन्न चिकित्साक्षेत्रों में लागू किया जा रहा है। कई अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र अब ध्यान को मानसिकस्वास्थ्य उपचार का हिस्सा बना रहे हैं। कैंसर, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों से पीड़ित रोगियोंके लिए ध्यान को सहायक चिकित्सा के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। जर्नल ऑफक्लिनिकल साइकॉलजी में प्रकाशित एक अध्ययन में यह पाया गया कि ध्यान से न केवलमरीजों के दर्द की अनुभूति कम होती है, बल्कि उनमें इलाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण भी विकसित होता है। ध्यान का प्रभाव केवल मानसिक स्वास्थ्य तक ही सीमित नहींहै। शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान के प्रभाव को भी अब व्यापक रूप से स्वीकार किया जारहा है। एक अध्ययन के अनुसार, ध्यान नियमित रूप से करने से हृदय की गति और रक्तचाप कोनियंत्रित करने में मदद मिलती है, जिससे हृदय रोगों का जोखिम 30 प्रतिशत तक कम हो सकता है। इसके अलावा, ध्यान प्रतिरक्षा प्रणालीको भी मजबूत करता है, जिससे शरीर बीमारियों सेलड़ने में अधिक सक्षम बनता है। इतना ही नहीं रिसर्च में यह बात भी सामने आई कि ध्यान काप्रभाव केवल व्यक्तिगत स्तर पर सीमित नहीं होता। जब एक व्यक्ति ध्यान करता है, तो वह अपनी आंतरिक ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में केंद्रित करता है, जिसका असर उसके आस-पास के वातावरण पर भी पड़ता है। कई अध्ययनोंने यह साबित किया है कि सामूहिक ध्यान के दौरान अपराध दर में गिरावट, सामाजिक सौहार्द मेंवृद्धि और पर्यावरणीय सामंजस्य जैसे सकारात्मक परिवर्तन देखे गए हैं। 1993 में वाशिंगटन डी.सी. में किए गए एक शोध में पाया गया कि सामूहिक ध्यान के दौरान शहर में अपराध दर में 23 प्रतिशत की गिरावट आई। मेडिटेशन जैसे एक सरल माध्यम से मानवीय आचरण में इस प्रकारके मूलभूत बदलाव इसकी वैज्ञानिकता (मनोवैज्ञानिकता) का प्रमाण है। मेडिटेशन के इन्हीं सकारात्मक प्रभावों को देखते हुए आज कॉर्पोरेट कल्चर वाली कई मल्टिनैशनल कंपनियां अब ध्यान को अपनी कार्य संस्कृति मेंशामिल कर रही हैं। गूगल, एप्पल, और माइक्रोसॉफ्ट जैसी प्रमुख कंपनियां अपने कर्मचारियों के लिए नियमित ध्यान सत्र आयोजित कर रही हैं। आज के प्रतिस्पर्धा के दौर में हमारे बच्चे भी पढ़ाई में अपने प्रदर्शन को लेकर तनाव में रहते हैं।

# अंबेडकर जी सम्मान का विषय हैं फैशन का नहीं

प्रवीण गुगनानी

भाजपा के डीएनए में प्रारंभ से ही दलित विमर्श रहा है, क्योंकि इसका मातृ संगठन आरएसएस प्रारंभ से ही सामाजिक समरसता के मार्ग पर चलने वाला संगठन रहा है। इस दलित विमर्श के ही डीएनए का परिणाम है कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद ही इस देश में अंबेडकर जी को 'भारत रत्न' सम्मान मिल पाया। अंबेडकर जी को कांग्रेस ने भारत रत्न नहीं दिया, उसने तो नेहरू जी के प्रधानमंत्री रहते नेहरू जी को और इंदिरा जी की सरकार रहते इंदिराजी को भारत रत्न दे दिया था। अंबेडकर जी, संत पेरियार, महात्मा फुले, नारायण स्वामी जैसे दलित महापुरुष संघ के प्रतिदिन होने प्रातः स्मरण मंत्र में सम्मिलित हैं। संघ के स्वयंसेवक जो भाजपा के कार्यकर्ता बनते हैं वे प्रतिदिन सुबह के अपने प्रातः स्मरण के मंत्र में अंबेडकर जी का नाम श्रद्धा से लेते हैं। संघ के वरिष्ठ प्रचारक और विश्व के सबसे बड़े मजदूर नेता दत्तोपंत ठेंगड़ी तो बाबासाहेब के चुनाव में आधिकारिक एजेंट की भूमिका में रहे हैं। इस तथ्य से आप उस कालखंड में संघ व अंबेडकर जी की म्यूचुअल अंडरस्टेंडिंग या केमिस्ट्री को समझ सकते हैं। संघ के मूल चिंतन में दलित चिंता सदैव से रही है, इसका परिणाम है कि, मुंबई में जिस स्थान पर भाजपा का जन्म हुआ, उस स्थान का नाम संघ के प्रचारकों ने समता नगर रखा था। यह नाम एक बड़ा प्रतीक था भाजपा के दलित चिंतन वाले डीएनए का। बड़े दलित नेता व दलित पेंथर मूवमेंट के नेता दत्ताराव सिंदे यह सब देखकर ही भाजपा के कार्यकर्ता बने थे। संविधान पर चर्चा में देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में जो कहा उसके पहले 11 सेकंड के अंश को भ्रामक रूप से देश भर में फैलाया जा रहा है। इससे कांग्रेस, अंबेडकर जी को फैशन का विषय मानने के, अपने चिर पुराने चरित्र को ही दोहरा रही है। गृहमंत्री जी के इस व्यक्तव्य को यदि पूरा सुनेंगे तो अंबेडकर जी के अपमान के सारे वहम दूर हो जाते हैं। अमित शाह ने कहा - हमे तो आनंद है कि अंबेडकर का नाम लेते हैं। अंबेडकर का नाम आप 100 बार ज्यादा लो, लेकिन साथ-साथ अंबेडकर जी के प्रति आपका भाव क्या है, ये भी बताता हूं। अंबेडकर को देश की पहली कैबिनेट से इस्तीफा क्यों देना पड़ा। अंबेडकर जी ने कई बार कहा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के प्रति हो रहे व्यवहार से मैं असंतुष्ट हूं। सरकार की विदेश नीति से मैं असहमत हूं और अनुच्छेद 370 से मैं असहमत हूं । शाह ने आगे कहा, अंबेडकर जी को आश्वासन दिया गया, लेकिन उसे पूरा नहीं किया गया, बाद में उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कई बार कहा कि वह



अनुसूचित जातियों और जनजातियों के साथ होने वाले व्यवहार से असंतुष्ट हैं। अंबेडकर को आश्वासन दिया गया था, जो पूरा नहीं हुआ, इसलिए कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। बार बार संविधान और फैशन में अंबेडकर जी का नाम रटने वाली कांग्रेस ने तो बाबा साहेब को संविधान सभा के 296 सदस्यों में अंबेडकर जी को प्रवेश तक भी न मिलने देनें हेतु षड्यंत्र रचे थे। बाद में दलित नेता जोगेंद्रनाथ मंडल के सहयोग से वे येन केन प्रकारेण संविधान सभा में प्रवेश कर पाये थे। अंबेडकर जी बंगाल की जिस खुलना जैसोर सीट से संविधान सभा में पहुँचे थे वह इकहत्तर प्रतिशत हिंदू बहुल थी।

देश विभाजन में ईक्कावन प्रतिशत हिंदू बहुल वाले क्षेत्रों को भारत में रहने देना तय हुआ था। केवल बाबासाहेब को संविधान सभा में घुसने से रोकने के लिए कांग्रेस ने बंगाल का यह इकहत्तर प्रतिशत वाला जिला पाकिस्तान को दे दिया था ताकि अंबेडकर जी की संविधान सभा की सदस्यता रद्द हो जाए। आज अंबेडकर जी का नाम फैशन में लेने वाली कांग्रेस ने तो अंबेडकर जी का चित्र तक लोकसभा में नहीं लगने दिया था। संसद में, गैरकांग्रेसी सरकार बनने पर ही अंबेडकर जी का चित्र लग पाया था। भाजपा ने अंबेडकर जी से जुड़े पाँच स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया। बाबासाहेब लंदन में जिस घर में रहे, भाजपा सरकार ने उसका भी अधिग्रहण किया व उनके स्मारक के रूप में उसे लंदन तक में विकसित किया। भाजपा ने ही चैत्य भूमि को विकसित किया और प्रधानमंत्री मोदी वहाँ स्वयं प्रार्थना करने हेतु गए। भाजपा ने दिल्ली के 26, अलीपुर रोड को भी विकसित किया जहां बाबासाहेब ने अपना अंतिम समय व्यतीत किया था। देश विभाजन की जनक कांग्रेस के सामने बाबासाहेब प्रारंभ से ही अखंड भारत के पक्ष में थे। यह नेहरू जी को बहुत भयभीत करता था। नेहरू जी वे अंबेडकर जी की प्रतिभा को जानते थे अतः वे उन्हें सत्ता की दहलीज़ तक भी नहीं आने देना चाहते थे। अंबेडकर जी मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए किए जा रहे गांधी जी, जवाहरलाल नेहरू और जिन्ना के पुरजोर विरोध में थे। अंबेडकर जी की पुस्तक थॉट्स ऑन पाकिस्तान में इसका पूरा विवरण है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के चलते कांग्रेस ने देश का विभाजन कर डाला। बाबासाहेब का यह स्पष्ट मानना था कि चूँकि धर्म आधारित विभाजन हुआ है अतः संपूर्णतः तुम उधर-हम इधर की नीति अपनाई जानी चाहिए। बाबासाहेब ने अपनी पुस्तक थॉट्स ऑन पाकिस्तान में भारत के धार्मिक आधार पर पूर्ण विभाजन के आशय से पृष्ठ 103 पर लिखा यह बात स्वीकार कर लेनी चाहिए कि पाकिस्तान बनने से हिंदुस्तान सांप्रदायिक समस्या से मुक्त नहीं हो जाएगा । अंबेडकर जी के इन्ही मुस्लिम विरोधी विचारों के कारण से 'मुस्लिम तुष्टिकरण में लगे नेहरू जी व गांधी जी' अंबेडकर जी को आगे नहीं आने देना चाहते थे। इसी क्रम में मुंबई से दो बार अंबेडकर जी को चुनाव में षड्यंत्रपूर्वक हरवाया गया। इन दोनों बार के चुनावों में अंबेडकर जी की पराजय को सुनिश्चित करने हेतु प्रधानमंत्री नेहरू जी ने स्वयं मुंबई जाकर चुनाव प्रचार किया था व अपने विरोधी दलों से भी अंबेडकर जी को पराजित कराने हेतु मित्रतापूर्ण संबंध बनाए थे। आज जो कांग्रेस और कुछ अन्य दल अंबेडकर जी का नाम फैशन में या सत्तामोह में ले रहें हैं उन्हें इस बात को स्पष्ट तौर पर समझ लेना चाहिए कि अंबेडकर जी केवल और केवल सम्मान का विषय हैं फैशन का नहीं !

# किसान आंदोलनः शुरू हो चुकी है एकजुट होने की कवायद

निर्मल रानी

पंजाब - हरियाणा की सीमाओं पर चलने वाला किसान आंदोलन धीरे धीरे और गंभीर रूप धारण करता जा रहा है। क्योंकि हरियाणा की सीमा खनौरी में गत 24 दिन से आमरण अनशन कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा है। किसान नेता के स्वास्थ की देखरेख में लगे डॉक्टर्स उनकी सेहत को लेकर बेहद चिंतित हैं। डल्लेवाल 80 साल की उम्र में इतने दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनकी देखभाल में लगे डॉक्टर्स के अनुसार पहले से ही कैंसर रोग से पीड़ित डल्लेवाल के लिवर व किडनी को इस अनशन के कारण काफी नुकसान पहुँच चुका है। उनकी किडनी व लीवर की स्थिति काफी नाजुक होती जा रही है। गौरतलब है कि इसी वर्ष 13 फरवरी को पंजाब के किसान अपनी उन मांगों को पूरी करने के वादों को याद दिलाने के लिये दिल्ली जाना चाह रहे थे जो कि मोदी सरकार द्वारा तीन विवादित कृषि कानून वापस लेते समय सरकार द्वारा मानी गयी थीं। परन्तु हरियाणा सरकार ने उन्हें पंजाब सीमा से आगे बढ़कर दिल्ली पहुँचने से रोक दिया। तभी से यह किसान पंजाब - हरियाणा की खनौरी व शम्भू सीमाओं पर डटे हुये हैं और बीच बीच में दिल्ली जाने का प्रयास भी करते रहे हैं। काबिल-ए-गौर है कि जब एक वर्ष से भी लंबे समय तक चले संयुक्त किसान मोर्चा के आंदोलन ने नवंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे कभी न झुकने की छवि बनाने वाले नेता को तीन विवादित कृषि कानून वापस लेने के लिये मजबूर कर दिया था उस समय देश के किसानों के अधिकांश संगठन एकजुट थे। और इसी किसान एकता ने केंद्र सरकार को घुटने टेकने के लिये मजबूर कर दिया था। परन्तु उस समय भी कृषि कानून वापस लेने की घोषणा करते समय प्रधानमंत्री मोदी यह कहने से चूके थे कि - हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए देश के कृषि जगत के हित में, गांव, गरीब के हित में पूर्ण समर्थन भाव से, नेक नियत से ये कानून लेकर आई थी। लेकिन इतनी पवित्र बात, पूर्ण रूप से किसानों के हित की बात हम कुछ किसानों को समझा नहीं पाए। शायद हमारी तपस्या में कमी रही। भले ही किसानों का एक वर्ग इसका विरोध कर रहा था। हमने बातचीत का प्रयास किया। ये मामला सुप्रीम कोर्ट में भी गया। हमने कृषि कानूनों को वापस लेने का फैसला किया। यह बात मोदी ने तब कही थी जब कि उस समय देश के अधिकांश छोटे बड़े किसान व उनके अधिकांश संगठन एकजुट थे। परन्तु याद कीजिये उस समय भी सरकार ने अपने समर्थन में कई ऐसे संगठनों के नाम बता दिए थे जिनका नाम पहले न तो कभी सुना गया न ही वे संगठन अस्तित्व में थे। परन्तु अब 13 फरवरी 24 से किसानों द्वारा शुरू किया गया आंदोलन जिसे कि शुरू से ही संयुक्त किसान मोर्चा से पूर्व में जुड़े सभी किसान संगठनों का समर्थन हासिल नहीं है, वह सिर्फ इसी आपसी फूट के चलते लंबा खिंचता जा रहा है। यहाँ तक कि आमरण अनशन पर बैठे 80 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का जीवन भी संकट में पड़ गया है। उधर सरकार तमाशाई बनी बैठी है तथा किसानों की आपसी फूट को देखते हुये आंदोलन को तब तक खींचे रखना चाहती है जब तक किसान थक हार कर आंदोलन समाप्त न कर दें या इनमें और अधिक फूट न पड़ जाये। मगर जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनशन का सरकार पर असर पड़े या न पड़े लेकिन किसान संगठनों व विपक्षी नेताओं पर इसका प्रभाव पड़ता जरूर दिखाई देने लगा है। जहां विभिन्न विपक्षी राजनैतिक दलों के नेता खनौरी स्थित डल्लेवाल के अनशन स्थल पर उनका स्वास्थ समाचार लेने बड़ी संख्या में पहुँचने लगे हैं वहीँ संयुक्त किसान मोर्चा के विभिन्न धड़ों में भी हलचल तेज हो चुकी है। एस के एम के कई महत्वपूर्ण घटकों से किसान एकता के स्वर उठने शुरू हो चुके हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण बयान किसान नेता राकेश टिकैत की ओर से आया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुये टिकैत ने कहा है कि- किसान यदि अलग-अलग चलेंगे तो लुटेंगे। हमें एकजुट रहना होगा। 10 महीने पहले जब आंदोलन शुरू हुआ हमने सबको कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा और सब इकट्ठा हो जाएं।

# युवती ने इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर युवक को मिलने बुलाया फिर अपने साथियों के साथ मिलकर कर दी हत्या

**समय जगत, मुरैना।** विगत दिवस दिमनी थाना क्षेत्रांतर्गत नहर में एक युवक की लाश मिली थी। पुलिस को जब इसकी सूचना मिली तो वह तुरंत मौके पर पहुंची। घटना स्थल पर युवक के पैर बंधे हुए थे साथ ही उसकी आंखों पर पट्टी बंधी हुई थी। पुलिस ने मौका मुआयना कर मर्ग की कायमी की और मामले की तसीश में जुट गई। काफी कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने उक्त मामले का पांच दिवस के भीतर ही खुलासा कर दिया। जिसमें दो युवकी और एक युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार बीती 14 दिसम्बर को बडागांव व महादेव का पुरा की बीच नहर में एक व्यक्ति की लाश तैरती हुई दिखाई दे रही है, जिसके पैर एवं आंखे लाल रंग की स्टोल से बंधी हुई हैं। सूचनाकर्ता की उक्त सूचना पर से थाना दिमनी पुलिस द्वारा शव को बरामद कर मर्ग क्रमांक 36/24 धारा 194 बीएनएसएस पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। जब पुलिस मामले की जांच के लिए पूछताछ कर रही थी तब एक युवक उसी तरह की स्टोल गले में डाला हुआ दिखाई दिया। जिसकी पीछा पुलिस द्वारा किया गया।



इस दौरान पुलिस को ज्ञात हुआ कि उक्त व्यक्ति अवन्तीबाई कॉलोनी, रामनगर मुरैना स्थित उसके मकान में रहता है जिस पर पुलिस द्वारा लगातार नजर रखी जा रही थी। उसके बाद आस-पास जब पुलिस द्वारा पूछताछ की गई तो उसकी सहयोगी महिला पर शक हुआ जिस पर पुलिस ने उक्त महिला को पूछताछ के लिए थाने ले आई। जब महिला से सख्ती के साथ पूछताछ की गई तब युवती ने इस पूरे घटनाक्रम के बारे में बताया। आरोपी युवती द्वारा बताया गया कि जल्दी पैसे कमाने के लालच में उन्होंने एक प्लान बनाया जिसके तहत उसकी ही महिला साथी द्वारा इंस्टाग्राम पर अभिषेक लोधी पुत्र पदमसिंह लोधी उम्र 24 साल नि.ग्राम पर्दू का पुरा थाना पोरसा से दोस्ती की। इस दौरान उसने अभिषेक को मिलने बुलाया। पहली बार बुलाने पर अभिषेक अपने एक दोस्त के साथ आया तो युवती ने मिलने से मना कर दिया।

फिर महिला द्वारा अभिषेक से इंस्टाग्राम पर बातचीत होने लगी। इसके बाद जब दूसरी बार उसे अकेला मिलने के लिए अपने किराये के मकान में मुरैना बुलाया तो अभिषेक वहां पहुंच गया। जब वह युवती के कहे अनुसार उसके मकान में गया तो वहां पहले से ही दो आरोपी जिसमें एक युवक व एक युवती शामिल थी घात लगाये हुये बैठे थे। जब अभिषेक कमरे में पहुंचा तो तुरंत उसके पकड़कर उसके पैर बांध दिया और उससे पैसों की मांग की गई। जब उसने पैसे देने से इंकार कर दिया तो तीनों आरोपियों द्वारा अभिषेक के मुंह पर तकिया रखकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद आरोपियों द्वारा अभिषेक के मोबाइल से उसके घर फिरोती के लिए फोन किया गया। इस बीच आरोपियों ने अभिषेक का शव बडागांव व महादेव का पुरा की बीच नहर में फेंक दिया गया। इसके बाद पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी के बताये अनुसार उसकी दो अन्य महिला व पुरूष साथी भी बडोखर से गिरफ्तार कर ली गईं। आरोपियों के पास से अभिषेक का मोबाईल भी जप्त किया गया। पुलिस की इस कार्यवाई में दिमनी थाना प्रभारी शशिकुमार, अभिषेक जादौन प्रभारी सायबर सेल, सौरभ पुरी, प्रताप सिंह, रघुनंदन, सुदेश, दुष्यंत, संजीव, वंदना तेकाम, गिरजेश, सतीश, रूपेश, शैलेन्द्र, प्रशांत, रामकिशन, राहुल, राहुल कुशवाह, मंगल सिंह, योगेन्द्र सिंह, मीरेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।

## नगर पालिका में हुआ ग्रामीण एवं नगर मंडल अध्यक्ष का सम्मान



**समय जगत गंजबासौदा।** नगर पालिका परिषद में एक सादे समारोह के दौरान सभी नवनिर्वाचित भाजपा नगर एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्षों का शाल श्रीफल, फूल माला एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष सनी भावसार ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला और नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों का परिचय कराया। इसके बाद सांसद प्रतिनिधि एवं जिला भाजपा उपाध्यक्ष देवेंद्र यादवऔर मनोज यादव ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि नगर एवं ग्रामीण मंडल नवनिर्वाचित युवाओं के हाथ में है और निश्चित ही पार्टी को हर काम में सहायता और प्रगति मिलेगी। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव ने कहा कि मंडल अध्यक्ष पार्टी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रखते हैं। नगर एवं गांव में अब सभी नए अध्यक्ष का दायित्व है कि वह पार्टी के रथ को आगे बढ़ाएं और उनके साथ हम सभी वरिष्ठ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। इस अवसर पर बासौदा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा पिंकू महाराज, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बासौदा लाखन रघुवंशी, त्योंदा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रोहित पटेल, सर नोट ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नीलेश मीणा, और ग्यारसपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर ने स्वयं अपना अपना परिचय देकर पार्टी को मजबूती के साथ आगे बढाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पार्षद मनीष विश्वकर्मा, शुभम रघुवंशी, सरदार अहिरवा, रिचा संजय भावसार, ज्योति शर्मा के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नगर के भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डिप्टी कलेक्टर सुश्री निधि भारद्वाज ने किया शासकीय हाई स्कूल कोड़ियागौड़ का ऑनलाइन निरीक्षण, सभी शिक्षक मिले उपस्थित



**बोड़ा।** शासकीय हाई स्कूल कोडियागौड़ का आज सुबह 10-29 बजे डिप्टी कलेक्टर सुश्री निधि भारद्वाज ने ऑनलाइन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक अपनी जिम्मेदारी पर उपस्थित पाए गए। डिप्टी कलेक्टर सुश्री निधि भारद्वाज ने छात्रों से संवाद किया और उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी ली। बच्चों के उत्तर और उनकी सक्रियता देखकर डिप्टी कलेक्टर निधि भारद्वाज ने संतोष और प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। डिप्टी कलेक्टर निधि भारद्वाज ने विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों की मेहनत की सराहना की और विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाए रखने की अपील की। साथ ही, उन्होंने सभी शिक्षकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु समर्पित रहने की सलाह दी। विद्यालय परिवार और छात्र-छात्राओं ने डिप्टी कलेक्टर निधि भारद्वाज की इस पहल को प्रेरणादायक बताया। निरीक्षण के बाद डिप्टी कलेक्टर निधि भारद्वाज ने विद्यालय की पढ़ाई और अनुशासन को लेकर सकारात्मक फीडबैक दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### बीआई एस मानक ब्यूरो के माध्यम से छात्राओं ने रीजनल साइंस सेंटर भोपाल का किया भ्रमण




**समय जगत, ब्यावरा।** शहर के पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यावरा से 20 दिसंबर को बीएस आई मानक ब्यूरो के माध्यम से छात्राओं ने रीजनल साइंस सेंटर भोपाल का भ्रमण किया ! शिक्षक धर्मेंद्र मझवार ( बायोलॉजी ) के मार्गदर्शन में निरंतर 2 वर्ष से ये गतिविधि संचालित है ! प्रात : 8 बजे प्राचार्य एन एस सिकरवार लोकेश नामदेव, कपिल सोनी ने समस्त टीम शिक्षिका सुश्री किरण अग्रवाल, सुश्री सुमन शर्मा, शिक्षक संदीप वैष्णव को 29 छात्राओं के साथ भोपाल के लिए रवाना किया ! उक्त आयोजन का उद्देश्य बीआईएस भोपाल के बारे में लोगों को सही जानकारी मिल सके, ताकि लोग स्टैंडर्ड आईएसआई मार्क वाली सामान खरीद सकें। जैसे, प्रेस कुकर, पंखे , पानी की बोतल , फ्रीज , खिलोने ,प्रेस आदि ऐसे कई समान होते हैं जिसे आईएसआई मार्क देख ही खरीदना चाहिए। भोपाल के रीजनल साइंस सेंटर में छात्राओं ने विज्ञान के उपकरणों के बारे जानकारी प्राप्त की ! ताकि लोगों के बीच में जागरूकता बड़े। इसलिए बीआईएस भोपाल ने स्कूल बच्चों के मध्यम से समाज में सही जानकारी पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

### धार के बाग वनपरिक्षेत्र से रेस्क्यू कर लाये मादा तेंदुए को खिवनी अभ्यारण्य में छोड़ा



**समय जगत, खातेगाँव।** देवास धार के वन परिक्षेत्र बाग़ के ग्राम मोरीपुर से लाये तेंदुए को खिवनी अभ्यारण में छोड़ा गया, अभ्यारण्य में दिन प्रतिदिन बाघ तेंदुओं की संख्या में इजाफा हो रहा है, पर्यटन की दृष्टि से अभ्यारण काफी विकसित हो रहा है, आसपास के जिले क्षेत्र से तेंदुए बाघ को रेस्क्यू किया जाता है तो उसे खिवनी अभ्यारण में छोड़ा जाता है, क्यों क़ी यह जंगली जानवरो को अभ्यारण्य सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है, साथ हीं उनको भोजन की पर्याप्त सुविधा यहां पर मिलती है, यही कारण है की अभ्यारण में आए दिन बघ तेंदुए सहित जंगली जानवरो की संख्या बढ़ रही है, खिवनी रेंजर भीमसिंह सिसोदिया ने बताया कि धार के बाग़ वन परिक्षेत्र के ग्राम मोरीपुरा से लाए मादा तेंदुआ शावक को पशु चिकित्सक द्वारा स्वस्थ पाए जाने के पश्चात एसओपी के अनुसार खिवनी में रिलीज किया गया। इस दौरान खिंविनी एटॉफ व धार वन मंडल एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### मृतका के परिजनों को मय ब्याज बीस लाख से अधिक एवार्ड दिए जाने आदेश

**समय जगत, चाचौड़ा।** चाचौड़ा क्लेम न्यायालय श्री मनीष भट्ट जी के यहां विचाराधीन क्लेम प्रकरण में मृतिका सुषमा शर्मा निवासी कुंभराज के आश्रित सुधीर शर्मा ,पम्मी शर्मा को ब्याज सहित 15 लाख 39 हजार रु का अवॉर्ड घोषित कर बीमा कंपनी को राशि दिए जाने का आदेश दिया। मामला इस प्रकार हे कि आवेदकगण सुधीर ओर इंदु शर्मा की मां सुषमा शर्मा गैस एजेंसी संचालक निवासी कुंभराज एक विवाह समारोह में शामिल होने भोपाल जा रही थी तो नरसिंहगढ़ के पास वाहन से दुर्घटना हो गई जिसमें मौके पर सुषमा की मृत्यु हो गई तथा इंदु को चोटे आई ।आवेदक गण की ओर से मां की क्षति पूर्ति क्लेम न्यायालय चाचौड़ा में उनके अधिवक्ता राजीव श्रीवास्तव के माध्यम से प्रस्तुत किया जिसमें माननीय न्यायालय ने गवाही के आधार पर एवं माननीय वरिष्ठ न्यायालय के समय समय पर पारित निर्णय के अनुसार मृतिका की गैस एजेंसी की आय में निरंतर कोई कमी नहीं पाई लेकिन उसके परिवार ने मुखिया की हुई मृत्यु के लिए 1539000लाख रु ब्याज जमा न करने पर तीन माह बाद 9 प्रतिशत तीन माह तक 6 प्रतिशत दिए जाने का आदेश बीमा कंपनी को दिया।

### पुलिस ने जुवारियों को जुआं खेलते हुये किया गिरफ्तार

**समय जगत, चित्रकूट ।** प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी रीता सिंह के मार्गदर्शन में अपराध निरीक्षक प्रभुनाथ यादव व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त 1. केशरी नन्दन द्विवेदी पुत्र कुल कमल द्विवेदी निवासी ग्राम दामपुर थाना धाता जनपद फतेहपुर 2. मनोज निषाद पुत्र सियाराम निषाद निवासी सैतपुर थाना धाता जिला फतेहपुर 3. धर्मेन्द्र मिश्रा पुत्र मोहित मिश्रा निवासी कस्बा व थाना राजापुर जिला चित्रकूट 4. मनोज पुत्र प्रेमचन्द्र निवासी गोविन्दपुर थाना सिराथू जनपद कौशाम्बी 5. विश्वकान्त चतुर्वेदी पुत्र ओमकारनाथ निवासी तुलसी मन्दिर कस्बा व थाना राजापुर जिला चित्रकूट 6. कामता पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी कस्बा व थाना राजापुर जिला चित्रकूट 7. रीतेश पाण्डेय पुत्र राजकिशोर निवासी कस्बा व थाना राजापुर जिला चित्रकूट 8. नीतेश पुत्र रामेश्वर निवासी कस्बा व थाना राजापुर जिला चित्रकूट 9. सतीश चन्द्र त्रिपाठी पुत्र राममूरत त्रिपाठी निवासी कस्बा व थाना राजापुर जिला चित्रकूट 10. राजेश पुत्र देवकरन सिंह निवासी बेनीपुर थाना धाता जनपद फतेहपुर को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया।

# कलौंजी की फसल का किया गया अवलोकन



**झाबुआ।** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार रबी फसलों की स्थिती तथा रासायनिक उर्वरको की उपलब्धता व वितरण व्यवस्था का जायजा लेने हेतु उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला झाबुआ श्री एन. एस. रावत द्वारा जिले के विभिन्न विकासखण्डों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान मेघनगर मे संचालित डबल लॉक नगद उर्वरक विक्रय केन्द्र में उर्वरक भंण्डारण एवं वितरण कार्य प्रणाली की समीक्षा करते हुए कृषको को आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। जिला कलेक्टर के द्वारा समय-समय पर प्रदत्त निर्देश के परिपालन में विपणन सहकारी संस्था मर्यादित थांदला जिला झाबुआ में संचालित सोयाबीन उपार्जन केन्द्र का भी अवलोकन किया जाकर आवश्यक निर्देश दिये गये।विकासखण्ड पेटलावद के ग्राम अमरगढ में कृषक श्री अमृतलाल पाटीदार द्वारा नवाचार के रूप में लगाई चिया, कलौंजी फसल का अवलोकन किया गया। कृषक से चर्चा के दौरान बताया गया है कि चार बीघा रकबे में चिया तथा चार बीघा खेत में कलौंजी की फसल ली जा रही है। अद्यतन फसल स्थिति बेहतर देखी गई। साथ ही ग्राम अमरगढ के कृषक श्री हितेन्द्र पाटीदार के खेत में कैमोमाईल कल्टीवेशन तथा कृषक श्री कमलेश अम्बालाल पाटीदार के खेत में लगी फसल लाल किनोवा का भी अवलोकन किया गया। अवलोकन के दौरान फसल अच्छी स्थिति में पाई गई। मौके पर उपस्थित कृषको से चर्चा के दौरान उप संचालक कृषि श्री रावत द्वारा बताया गया है कि नवाचार के रूप में नगदी फसलो की अधिक से अधिक खेती किसानी की जाकर क्षेत्र के अन्य किसानो को भी नवाचार के रूप में जोडने हेतु आहवान किया गया।फिल्ड भ्रमण के दौरान सहायक संचालक कृषि एस.एस. रावत, पेटलावद विकासखण्ड के प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री एम.एस.मुवेल, कृषि विस्तार अधिकारी श्री बलवन्त मावी एवं सुश्री सुरभि वर्मा उपस्थित रहे।

## जीआरपी पुलिस टीम द्वारा आपरेशन कन्विक्शन के तहत अभियुक्त को न्यायालय द्वारा करायी गयी सजा

**समय जगत, बांदा।** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा चलाये जा रहे अभियान आपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोदय रेलवे अनुभाग झांसी विपुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में एवं पुलिस उपाधीक्षक रेलवे अनुभाग झांसी नईम खां मन्सूरी के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक नवेन्दु शेखर अग्निहोत्री/सम्बन्धित विवेचकगण थाना जीआरपी बांदा द्वारा की गयी गुणवत्तापूर्ण विवेचना /पैरवी के साथ ही अभियोजन अधिकारी बीरेन्द्र त्रिवेदी रेलवे अनुभाग झांसी के द्वारा किये जा रहे सघन अभियोजन कार्य के फलस्वरूप मा0 न्यायालय ए0सी0जे0एम0 रेलवे बांदा सुचेता चौरसिया के द्वारा थाना जीआरपी बांदा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-50/2019, वाद सं0-3021/2019 धारा 411/414 IPC से सम्बन्धित अभियुक्त संदीप सोनी पुत्र बाबू सोनी निवासी बांकी थाना सुमेरपुर जिला हमीरपुर उ0प्र0 को उपरोक्त मुकदमे में अभियुक्त को धारा 411 भादवि में 02 माह का करावास तथा धारा 414 भादवि में 01 माह के करावास से दण्डित किया गया, दोनो सजायें साथ साथ चलेगी तथा अभियुक्त द्वारा जेल में बितायी गयी अवधि समायोजित की जायेगी। प्रभारी निरीक्षक नवेन्दु शेखर अग्निहोत्री थाना जीआरपी बांदा द्वारा बताया गया कि ऐसी सजा से अपराधियों का मनोबल गिरता है तथा श्रीमान स्क्कमहोदय के निर्देशन में अन्य चिन्हित मामलो में भी मान0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर अपराधियो को सख्त से सख्त सजा दिलवायी जायेगी, जिससे अपराधियों का मनोबल गिर सके और एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

## हाईस्कूल गजौरा में छात्रों को वितरण की गई साइकिलें



**समय जगत, शिवपुरी।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम को लेकर गत दिवस शासकीय हाईस्कूल गजौरा में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुये क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी के पुत्र राकेश लोधी के द्वारा साइकिल वितरण की गई! इस मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय पाठक द्वारा मुख्य अतिथि सहित सभी जनप्रतिनिधियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया! साइकिल वितरण करते हुए राकेश लोधी द्वारा छात्र-छात्राओं से उनकी समस्याओं तथा पढ़ाई संबंधित जानकारी ली गई इसके साथ ही उन्होंने सभी छात्र/छात्राओं को शिक्षक/ शिक्षिकाओं के कार्य एवं व्यवहार की चर्चा करते हुए उनके प्रति सम्मान करने को कहा गया उन्होंने कहा यदि माता-पिता के बाद यदि दूसरा कोई है तो वह शिक्षक ही है जो हमारे भविष्य के निर्माता हैं! जो हमें अच्छी शिक्षा दे करके हम लोगों के लिए ऊंचाइयों पर ले जाते हैं! साइकिल वितरण के दौरान विधायक प्रतिनिधि सुनील लोधी द्वारा छात्राओं को पहले माला पहनाई गई इसके पश्चात सभी छात्राओं को साइकिल वितरण की गई! इस मौके पर देवेंद्र पाठक, उमेश लोधी, सीमा गुप्ता,ललिता गुप्ता, रामा जाटव सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# विधायक की कार्यवाही से मिला क्षेत्र के कृषकों को किसान सम्मान निधि का लाभ

**समय जगत, सिरोंज।** विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासों से विकासखण्ड सिरोंज एवं विकासखण्ड लटेरी के 28 ग्रामों के 1378 कृषकों को 27.56 लाख की राशि से मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना का मिला लाभ कई महीनों से कृषक हो रहे थे परेशान, त्वरित कार्यवाही करते हुए विधायक ने दिलाया योजना का लाभ।मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना के कृषकों को ग्रामों के कोड परिवर्तन होने के कारण किसान कल्याण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है इसकी जानकारी विधायक उमाकांत शर्मा अपने जनसंपर्क दौरा के दौरान ग्रामीणजनों द्वारा अवगत कराया गया था इस संबंध में विधायक उमाकांत शर्मा ने तत्काल अधिकारियों को निर्देशित किया था फिर भी योजना का लाभ नहीं मिला तो विधानसभा में तारांकित प्रश्न क्र. 446 दिनांक मंगलवार को रखते हुए विकासखण्ड लटेरी के 16 ग्राम तथा विकासखण्ड सिरोंज के 12 ग्रामों के कृषकों को मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना का लाभ दिलवाने हेतु मंत्री जी का ध्यान आकर्षित किया उक्त प्रश्न में दिनांक मंगलवार को विधानसभा की चर्चा में भी आया था तथा तारांकित प्रश्न पर कार्यवाही करते हुए दिनांक 12 दिसम्बर 2024 को विकासखण्ड लटेरी के 549 कृषकों को 10.98 लाख तथा विकासखण्ड सिरोंज के 829 कृषकों को 16.98 लाख कुल 1378 कृषकों को 27.56 लाख की राशि का कृषकों को मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजनांतर्गत आहरण हो गया है। उक्त सभी 28 ग्रामों को जो कि पूर्व मजरा-टोला थे उनके पूर्व मंत्री श्री लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा 2013 में राजस्व ग्राम का दर्जा दिलवाया गया है। उल्लेखनीय है कि एक वर्ष पूर्व में इन ग्रामों के कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ भी नहीं मिल पा रहा था इस संबंध में भी विधायक श्री उमाकांत शर्मा ने शासन को पत्राचार कर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ कृषकों को दिलवाया था। इस अवसर पर सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र के समस्त भाजपा मण्डल अध्यक्ष रामगुलाम राजौरिया, आशीष शर्मा, चरणसिंह राजपूत, झारसिंह राजपूत, सीताराम कुशवाह, दरयाबसिंह कुर्मी, भैरोसिंह कुर्मी, राजकंवर बघेल, लक्ष्मणसिंह बघेल, महेन्द्र सिंह दांगी, राजेश यादव, महेन्द्रसिंह राजपूत, अरविन्द बघेल, बृजभूषणसिंह चौहान, श्री फूलसिंह दांगी, मोहरसिंह राजपूत सहित भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं तथा कृषकों द्वारा विधायक उमाकांत शर्मा का धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया।

# केंद्रीय विद्यालय चित्रकूट वार्षिक खेलकूद दिवस का आयोजन संपन्न




**समय जगत, चित्रकूट।** मुख्य अतिथि /जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की उपस्थिति में आज केंद्रीय विद्यालय चित्रकूट में वार्षिक खेलकूद दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष केंद्रीय विद्यालय चित्रकूट ने अपनी गरिमामयी उपस्थित से कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंगलाचरण से हुई। तत्पश्चात विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती स्नेह लता के द्वारा मुख्य अतिथि महोदय का हरित पादप से स्वागत एवं बैज तथा कैप पहनाकर सम्मान किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय बालिका विद्यालय कर्वी की प्रभारी प्राचार्य विनीता वर्मा का भी हरित पादप से स्वागत किया गया एवं बैज तथा कैप से सम्मानित किया गया। विद्यालय की कला शिक्षिका श्रीमती अंकित महाराज के द्वारा विद्यालय की प्राचार्य महोदया का सम्मान बैच और कैप के द्वारा किया गया। इसके बाद प्राथमिक विभाग के छात्रों के द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति की गई। तत्पश्चात विद्यालय तथा सदन के बच्चों के द्वारा मार्च पास्ट निकाला गया जिसकी सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की। तत्पश्चात विद्यालय स्पोर्ट्स कैप्टन अभिजीत सिंह कक्षा 11वीं के द्वारा अनुशासन तथा खेल भावना के साथ खेल खेलने की शपथ दिलाई गई। तदुपरांत मुख्य अतिथि के द्वारा मशाल प्रज्वलित किया गया। तदुपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण हुआ जिसमें रिबन डांस, योग , एरोबिक डांस तथा पिरामिड बनाकर बच्चों ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

जिलाधिकारी ने विद्यालय के छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पढ़ाई के साथ-साथ खेल का क्या महत्व है इससे बच्चों को रूबरू कराया तथा अच्छे स्वास्थ्य हेतु खेल से हमेशा जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम लोग डिजिटल क्षेत्र में बढ़ रहे हैं कहीं पर रहकर के आप लोग कार्य कर सकते हैं उन्होंने सभी छात्राओं से अपील किया कि बेसिक क्षेत्र के साथ-साथ माता-पिता का सम्मान करें कहा कि सक्सेस होने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं उसे नियम कानून से आप लोग आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि आप लोग एक दूसरे के साथ खेल खेल भावना के साथ खेले प्रतिद्वंदिता से नहीं। इसके बाद मुख्य अतिथि महोदय के द्वारा वार्षिक खेलकूद का आगाज करने की घोषणा की गई। सर्वप्रथम 100 मी दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ तथा रिले 100м4 एवं शॉट पुट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ ही साथ शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के लिए भी आकर्षक खेल आयोजित किए गए। सभी ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग किया। तदुपरांत प्राचार्य एवं उपस्थित समस्त शिक्षकों के द्वारा विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किए गए। धन्यवाद ज्ञापन राजेश कुमार मौर्य के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अनीश वत्स मणि त्रिपाठी समीर शुक्ला, संतोष कुमार श्रीवास्तव, रामानुज चतुर्वेदी, बद्रीश शुक्ला, प्रिया वंदना , सविता जायसवाल , अंकित महाराज , अजय पाल सिंह , अवधेश पाल , मनीष कुमार त्रिपाठी, प्रमोद कुमार तिवारी, कंचन सोनी , सईद अहमद खान , अर्चना कनौजिया, आर्या , प्रियांशी , निशा देवी इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम को संचालित करने एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने में विद्यालय के खेल शिक्षक विनय पांडे महोदय का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## मानव तस्करी निरोधी इकाई के तत्वाधान में बालश्रम/बाल अपराधों की रोकथाम आदि के संबंधों में की गयी मासिक समीक्षा बैठक




**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में बाल भिक्षावृत्ति/बालश्रम की रोकथाम, किशोर न्याय संरक्षण, बाल विवाह की रोकथाम आदि हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में मानव तस्करी निरोधी इकाई (Anti-Human Trafficking Unit-AHTU) जनपद बांदा के तत्वाधान में मासिक समीक्षा बैठक की गयी जिसमें बाल अपराधों की रोकथाम हेतु बाल सेवा योजना, किशोर न्याय अधिनियम व बच्चों से सम्बन्धित सरकारी योजनाओं के सम्बन्ध में लोगों को जागरुक करने तथा बालश्रम व बाल विवाह पर रोक लगाये जाने के संबंध में ग्रामीण व शहर क्षेत्रों में स्कूलों/कॉलेजों में विभिन्न प्रकार के जागरुकता कार्यक्रमों को चलाये जाने एवं व्यापक प्रचार प्रसार करने के साथ ही साथ पुलिस व अन्य सरकारी/गैर-सरकारी संस्थाओं के परस्पर आपसी सहयोग के संबंध मे भी दिशा निर्देश दिए गये। मानव तस्करी निरोधी इकाई व विशेष किशोर पुलिस इकाई (Special Juvenile Police Unit-SJPU), किशोर न्याय संरक्षण बोर्ड को इस संबंध में स्कूलों/कॉलेजो में विभिन्न प्रकार के जागरुकता कार्यक्रमों को चलाने जाने हेतु निर्देशित किया गया 7 समीक्षा बैठक दौरान जनपद के समस्त थानों के प्रशिक्षु उप-निरीक्षक, जीआरपी, आरपीएफ, एएचटीयू, एसजेपीयू तथा अन्य सरकारी/गैर-सरकारी संस्थाओं से सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# केन बेतवा लिंक परियोजना से बदलेगी किस्मतः डॉ मोहन यादव




**समय जगत, पन्ना।** पन्ना जिले के प्रवास पर आये प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव नें कार्यक्रम को संबोंधित करते हुए कहा कि केन बेतवा लिंक परियोजना से पन्ना जिला सहित पूरे बुन्देलखंड की किस्मत बदलेगी, तथा पूरा क्षेत्र पानीदार हो जायेगा, साड़े आठ लाख हैक्टेयर जमीन सिंचित होगी, साथ ही लोगो को घर घर पेयजल उपलब्ध होगा, इस दौरान मुख्यमंत्री श्री यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश की धरती में भगवान श्री कृष्ण ने संदीपनी आश्रम मे शिक्षा ग्रहण कि यह हमारे लिए सोभाग्य की बात है पन्ना जिले की धरती हीरा उगलती है, जिससे हजारो गरीब किसान मालामाल हुए है, कार्यक्रम के दौरान उन्होने कागेस पार्टी पर भी हमला किया तथा कहा कि सत्तर वर्ष में कांग्रेस नें कोई काम नहीं किया, हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नें पार्वती काल सिन्धी नदी जोडो योजना के तहत मध्य प्रदेश तथा राजस्थान को जोड़ने का काम किया है, जिसमें मध्य प्रदेश के ग्यारह जिलो में सिचाई परियोजनाए प्रारंभ हुई, इसी प्रकार राजस्थान को भी लाभ होगा, स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साकार कर रहे है तथा नदी जोड़ो योजनाओं पर काम कर रहे है।

उन्होने आंगे कहा कि 25 दिसम्बर को देश के प्रधानमंत्री खजुराहो मे केन बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास, भूमि पूजन कर रहे है, जिसमें सभी को में निमंत्रण देने आया हू, सभी लोग उक्त कार्यक्रम में पंहुचे, उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री नें विभिन्न विभागो द्वारा लगाये गये स्टालों के निरीक्षण से किया, इस दौरान पन्ना में मिले 17 कैरिट के हीरा का भी अवलोकन किया, संतो का आशिर्वाद लिया, कन्या पूजन किया, कार्यक्रम के पूर्व में स्वागत भाषण क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा दिया गया। उन्होने कहा कि यह सौगात हमारे बुन्देलखंड के लिए बहुत बड़ी है, इससे समुचे बुन्देलखंड के साथ पन्ना जिले का भी सिचाई रकवा बड़ेगा तथा गांव गांव मे पेयजल उपलब्ध होगा।

उन्होने इस दौरान विस्थापित हो रहे आदिवासी बहुल्य 11 ग्रामो के लोगो की व्यवस्था करना का भी अनुरोध किया। पहाड़ीखेड़ा क्षेत्र को भी परियोजना से जोड़ने की बात की, चन्देल कालीन तालाब भी नहरो के माध्यम से जोड़ने का आग्रह किया। तत्पश्चात् कार्यक्रम को क्षेत्रीय सांसद तथा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा नें भी संबोंधित करते हुए कहा कि केन बेतवा परियोजना बुन्देलखंड के लिए जीवन रेखा साबित होगी, पानी के कमी के कारण ही इस क्षेत्र मे सूखा तथा अन्य बाधाए उत्पन्न होती थी, जो उक्त नदी जोड़ो योजना से दूर होगी, उन्होने कहा कि इससे 62 लाख किसानो का फायदा होगा, कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत क्षेत्रीय सांसद वीडी शर्मा, विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, गुनौर विधायक राजेश वर्मा, विधायक पवई प्रहलाद लोधी, जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा द्वारा किया गया। तथा जल संसाधन विभाग एवं केन बेतवा लिंक परियोजना की ओर से कार्यपालन यंत्री जल संसाधन सतीश शर्मा द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत माल्यपर्ण के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अनेक मांगे रखी गई, लेकिन मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा कोई भी घोषणा पूर्व की तरह इस बार भी नहीं की गई। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी डॉक्टर महेन्द्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मीनाराजे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रवीराज यादव, कार्य समिति सदस्य बबलू पाठक सहित भारी संख्या में जन प्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री दो घंटा विलंब से पन्ना पंहुचे। मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान ही आधे से अधिक जनता चली गई, तथा कुर्सीया खाली हो गई। मुख्यमंत्री द्वारा एक भी घोषणा नहीं की गई। कार्यक्रम मे करोड़ो रूपये खर्च होने के बावजूद विकास के लिए किसी भी प्रकार की राशि देने की घोषणा नहीं की गई।

## कांग्रेस जनों ने गृहमंत्री अमित शाह डॉ अंबेडकर के अपमान के विरोध में किया प्रदर्शन



**समय जगत, आगर मालवा।** गुरुवार को आगर में कांग्रेसजनों ने गृहमंत्री अमित शाह द्वारा किए गए बाबा साहब अम्बेडकर जी के अपमान के विरोध में गाँधी उपवन मे मौन रखकर धरना दिया एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा की भाजपा बार-बार उन बाबा साहेब का अपमान कर रही है, जिन्होंने देश को संविधान दिया, जिन्होंने हर नागरिक को अधिकार दिये, जिन्होंने अपने विचारों और कार्यों से करोड़ों दलितों और वंचितों का जीवन बदला। उनका अपमान करके भाजपा ने देश के करोड़ों दलितों-वंचितों की भावनाओं का अपमान किया है। भाजपा देश से माफी मांगे। बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करना बंद करो.. अमित शाह माफी मांगे। इस दौरान वरिष्ठ नेता गुड्डू लाला , जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशीलाल पाटीदार, फरमान लाला, एनएसयूआई राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित अजमेरा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस शेख,अर्जुन सिंह,देवेंद्र वर्मा, जीतेन्द्र भंडारी,इमरान अली,पवन कारपेंटर, कमल जाटव,सिरोंज मेव,शब्बीर पटेल, श्याम गवली, भेरू सिंह यादव, राधेश्याम मालवीय, राजू मुल्तानी, पवन देवड़ा,शाहिद मुल्तानी, हरिओम यादव, पापू भाई, इरफ़ान मुल्तानी,अब्दुल वाहब,ओम शर्मा, देवराज ठाकुर,जय सिंह ठाकुर, इरशाद मंसूरी, इंदु बाला बिलरवन, युसूफ हुसैन सहित नेतागण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अकोदिया भाजपा मंडल के अध्यक्ष बनने पर दी बधाई और शुभकामनाएं



**गुलाना /देवकरण झांजा।** अरविंद परमार सबके मिलनसार हंसमुख सभी के चाहते भाजपा के मंडल अध्यक्ष अरविंद परमार जी को बधाई एवं शुभकामना , पत्रकारों द्वारा दी गई अकोदिया मंडल अध्यक्षके पद पर मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति की गई। मंडल मीडिया प्रभारी आयुष चांडक ने बताया कि भाजपा जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप पटोदिया द्वारा जिले के निर्वाचन हेतु निर्धारित मापदंडों के आधार पर मंडल अध्यक्ष के पद पर अरविंद परमार की नियुक्ति की गई। परमार के मंडल अध्यक्ष बनने पर निवर्तमान भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव के नेतृत्व में बस स्टैंड पर भाजपा जिला महामंत्री विजय सिंह बैस, दिनेश शर्मा की उपस्थिति में भाजपा अकोदिया मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष अरविंद परमार, गोलाना मंडल अध्यक्ष महेंद्र गोवा का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया।

### मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान में घर-घर हो रहा सर्वे



**समय जगगत, आगर-मालवा।** 'मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान' आगामी 26 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की पात्रता रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिलेगा। इसके लिये ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में सम्पर्क दल घर-घर जाकर परिवारों से सम्पर्क कर रहे हैं और जिन योजनाओं के लाभ से वंचित है, उनमें लाभ प्रदान करने हेतु चिन्हित कर आवेदन प्राप्त कर रहे हैं। चिन्हित हितग्राहियों को शिविरों के माध्यम से लाभान्वित किया जाएगा। गुरूवार को सर्वे दल द्वारा नांदना, चिकली गोयल, परसुलियांकलां, गुदरावन, खैराना आदि गांवों में एवं शहरी क्षेत्रों के वार्ड में सर्वे कर चिन्हांकन कारते हुए आवेदन प्राप्त किये गए।

### बलवाड़ा के ग्राम पाडवा में आउटसोर्स कर्मचारी को डीपी पर कार्य करने के दौरान लगा करंट,हुई मौत



**समय जगत , बड़वाह।** बलवाड़ा विद्युत मंडल में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी 35 वर्षीय कर्मचारी सुभाष पिता टनटू राजपूत की समीप के ग्राम पाडवा मे गुरुवार को सुबह करीब साढ़े नव बजे विधुत डीपी पर कार्य करने के दौरान करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर आस पास के ग्रामीण जन पहुंचे। व तुरंत कर्मचारी को बड़वाह सिविल अस्पताल लेकर आए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही सिविल अस्पताल मे परिजन व विधुत मंडल के अधिकारी कर्मचारी पहुंचे। मृतक के शव को पीएम के पश्चात परिजन को सोपा जायेगा सूचना मिलते ही पुलिस भी अस्पताल पहुंची। विधुत विभाग के अधिकारी राहुल सिंह ने बताया कि सुबह 9 बजे डीपी केबल पर कार्य करने का परमिट लेकर गए आउट सोर्स कर्मचारी सुभाष की करंट लगने से मौत हो गई।जब की परमिट के बाद करंट लगाना मुश्किल है। कैसे करंट लगा उसकी जांच की करेंगे।

### स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे में आई मुस्कान



**समय जगत, नारायणगंज/ मण्डला।** जिले के विकासखंड नारायणगंज अंतर्गत स्थित माध्यमिक शाला रतनपुर चौकी में शिक्षकों द्वारा एक अभिनव पहल की गई, जिसके तहत बच्चों को कड़ाके की ठंड से राहत देने के लिए गर्म स्वेटर वितरित किए गए। यह कार्य प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश यादव के मार्गदर्शन में और शाला के शिक्षकों के सहयोग से संपन्न हुआ। विकास खंड शिक्षा अधिकारी राजेश विश्वकर्मा और जनशिक्षक मंगरू गौठरिया की उपस्थिति में 35 बच्चों को स्वेटर दिए गए। इन बच्चों को ठंड से बचाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने इस कार्य को सराहनीय बताया और इस प्रकार के नेक कार्यों में खुद भी सहयोग करने का संकल्प लिया। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई और वे बेहद खुश दिखाई दिए। इस दौरान शाला के शिक्षक कमला बिहुनिया, अंजना केराम, ममता धुर्वे, त्रिवेंद्र मरावी, दिनेश नेताम, कुसुमलाल उईके, हेमशिंह परस्ते आदि का भी इस कार्य में सराहनीय योगदान रहा। इस पहल से यह स्पष्ट होता है कि शाला के शिक्षक केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि बच्चों की भलाई के लिए भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। यह कदम समाज में सहयोग और एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणादायक है।

## सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का विशाल भंडारे के साथ हुआ समापन





**समय जगत,हरदा।** जिले की टिमरनी तहसील के ग्राम छोटी छीपानेर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का विशाल भंडारे के साथ हुआ समापन। आयोजक विजय गुर्जर ने बताया कि श्रद्धेय पिताजी हजारीलालजी गुर्जर एवं बड़े भ्राता स्व संजयजी गुर्जर की स्मृति में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया। जया किशोरी जी पाराशर दंदरौआ धाम ग्वालियर के मुखारबिंद से कथा का रसपान कराया गया।कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ हुई। गोकर्ण महाभारत चरित्र कथा,ध्रुव चरित्र जड़भरत कथा,प्रहलाद चरित्र वामन अवतार कथा,श्रीराम अवतार एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कथा,श्रीकृष्ण बाल लीला गोवर्धन पूजा, महारास लीला गोपी उद्धव संवाद रुक्मिणी विवाह कथा, सुदामा चरित्र व्यास पूजा एवं विश्राम कथा पूर्णाहूति प्रसादी वितरण के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कथा श्रवण करने रोज़ाना सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित होकर पुण्य लाभ लिया। वहीं कथा समापन मौके पर सैकड़ों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

## कड़कड़ाती ठंड में बच्चों को दिए गर्म कपड़े



**समय जगत, मण्डला।** देवी अहिल्या बाई होलकर नारी उत्थान समिति द्वारा इस कड़कड़ाती ठंड में संस्कृति बालिका आश्रम में रह रही बालिकाओं को ठंड से बचाने के लिए मुलायम गर्म कपड़े और कम्बल वितरित किए गए। यह नेक कार्य समिति द्वारा निरंतर किए जा रहे सामाजिक कार्यों का हिस्सा है, जो सराहनीय हैं और समाज में एक सकारात्मक संदेश देते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान देवी अहिल्या बाई होलकर नारी उत्थान समिति की सदस्य मालती देवी धनगर, सुनीता धनगर, अनसूइया पाली, शिल्पा धनगर और सकून धनगर उपस्थित रहीं। समिति की संचालक इंदु पांडे ने इस अवसर पर बच्चों के लिए अपनी शुभकामनाएँ दीं और कहा कि समिति का उद्देश्य हमेशा समाज के जरूरतमंद वर्ग की मदद करना है। मालती देवी धनगर ने इस मौके पर कहा, ÷हम बालिका गृह में रह रहे बच्चों की आवश्यकता के अनुसार सहयोग करते रहेंगे। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम बच्चों को ठंड से बचाने के लिए हर संभव मदद करें। समिति का यह कार्य बालिकाओं के जीवन में एक उज्जवल बदलाव लाने के साथ-साथ समाज में महिला सशक्तिकरण का भी प्रतीक है।

## विधानसभा में विधायक संजय पाठक ने उठाया कटनी में श्रम न्यायालय खोलने का मुद्दा



**कटनी।** कटनी के जिला बनने के 26 साल बाद भी श्रम न्यायालय कोर्ट के न होने से लोग विशेषकर मजदूर वर्ग बेहद परेशान हैं। उन्हें मुकदमों की सुनवाई के लिए जबलपुर जाना पड़ता है। कटनी जिले में कटनी, विजयराघवगढ़, कैमोर, कुटेश्वर ,बड़वारा में औद्योगिक क्षेत्र आते हैं। इसके अलावा जिले में अन्य स्थानों पर भी काफी औद्योगिक एवं खदान कंपनियां हैं। इन कंपनियों में हजारों की संख्या में मजदूर काम करते हैं। नगर निगम ,नगर परिषद, स्कूलों, दुकानों व अन्य स्थानों पर काम करने वाले मजदूर भी यहां काफी संख्या में हैं। जहां प्रबंधन व मजदूरों में विवाद चलता रहता है। कटनी में श्रम निरीक्षक तथा श्रम व समझौता अधिकारी तो बैठते हैं, लेकिन श्रम न्यायालय न होने के कारण मजदूरों तथा प्रबंधकों को अपने मामलों की सुनवाई के लिए जबलपुर कोर्ट जाना पड़ता है। जहां जाने आने की जरूरतों में उनकी जमापूंजी खर्च हो जाती है। गरीब मेहनत कस मजदूरों की इन्हीं सब परेशानियों को देखते हुए विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने पूर्व में मुख्यमंत्री मोहन यादव को कटनी में श्रम न्यायालय कोर्ट खोलने के कार्यवाही का पत्र लिखा था। इसके पहले भी विधायक संजय पाठक लगातार विजयराघवगढ़ विधानसभा और कटनी जिले के जनहित के मुद्दे लगातार विधानसभा सहित सभी फ़ोरम पर उठाते रहे हैं। श्रम न्यायालय खुलने के सम्बंध में यहां यह बता दें यदि किसी मजदूर को प्रबंधकों से कोई शिकायत होती है तो पहले वह श्रम निरीक्षक के पास दायर होती है। वहां से निपटारा न होने पर श्रम एवं समझौता अधिकारी के पास शिकायत निपटारा होने जाती है। यदि वहां भी शिकायत का हल नहीं निकलता है, तो शिकायत का डिमांड नोटिस श्रम आयुक्त के यहां भेजा जाता है। पर वहां भी संतुष्टि न मिलने पर श्रमिकों के पास श्रम अदालत जबलपुर जाने का खर्चीला एवं परेशानियों से भरा विकल्प होता है। अदालत में मामलों की पैरवी याचिकाकर्ता खुद, उसका वकील या कोई अधिकृत प्रतिनिधि कर सकता है। इसमें श्रमिक संगठनों के नेता भी पैरवी कर सकते हैं। श्रम न्यायालय खुलने से जिले के 50 हजार मजदूरों कर्मचारियों सहित स्थानीय वकीलों को भी मिलना तय है। जिससे मजदूरों को न्याय मिलने में आसानी होगी।

## अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में श्रद्धा गुप्ता को जिला शिक्षा अधिकारी ने किया सम्मानित



**समय जगत, खंडवा।** विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2024 में जिले की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तमपुर की शिक्षिका श्रीमती श्रद्धा गुप्ता ने अपने शोध और नवाचारों से न केवल जिले, बल्कि पूरे राज्य को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि के लिए उन्हें इस महोत्सव में इसरो के चेयरमेन एस सोमनाथ द्वारा सम्मानित किया गया।

इस महत्वपूर्ण अवसर को और विशेष बनाने के लिए जिला शिक्षा कार्यालय मे जिला शिक्षा अधिकारी पी.एस. सोलंकी द्वारा श्रीमती श्रद्धा गुप्ता का अभिनंदन कर उन्हें सम्मानित किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी ने कहाकि श्रीमती श्रद्धा गुप्ता ने जिस प्रकार से विज्ञान और शिक्षा में योगदान दिया है वह प्रेरणा दायक है।उनकी इस उपलब्धि से पूरा जिला गौरवान्वित हुआ है। श्रीमती गुप्ता ने इस सम्मान के लिए जिला प्रशासन और अपने सहकर्मियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा,

÷यह सम्मान केवल मेरा नहीं है, बल्कि यह पूरी टीम और उन विद्यार्थियों का है, जिन्होंने हमेशा मेरे प्रयासों को समर्थन दिया।

मैं भविष्य में भी विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के लिए काम करती रहूंगी।

यह उपलब्धि न केवल श्रीमती श्रद्धा गुप्ता की व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि यह पूरे जिले के लिए गर्व और उत्साह का क्षण है। उनकी मेहनत और समर्पण ने यह साबित किया है कि ज्ञान और अनुसंधान की सही दिशा में की गई पहल असंभव को भी संभव बना सकती है।



## पूर्व मंत्री कमल पटेल ने 2 करोड़ 80 लाख रुपए से बनने वाले पुल का भूमिपूजन कर निर्माण कार्य कराया प्रारंभ

**समय जगत,हरदा।** ग्राम आदमपुर से भैरोपुर के बीच सुकमा नदी पर 2 करोड़ 80 लाख की लागत से 75 मीटर लम्बा व 8.5 मीटर चौड़ा पुल मंडी सड़क विकास निधि से स्वीकृत कराने पर एवं निर्माण कार्य प्रारंम्भ कराने पर पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल का नागरिक अभिनंदन किया गया।कृषि विपणन संघ मंडी सड़क निधि से स्वीकृत पुल ,सेतु निगम विभाग द्वारा 2 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से 75 मीटर लम्बा और 8.5 मीटर चौड़ा नया पुल का भूमिपूजन कर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया ।इस अवसर पर भाजपा मण्डल हण्डिया के नव नियुक्त मण्डल अध्यक्ष मुकेश पटेल, श्याम बेड़ा,नारायण भाकल,लेखराम पटेल, जगदीश सेंगवा, हरनाथ पड़ौदा, हरी रामरोड़,राजकिशोर रामरोड़ सहित सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे ।

# किसानों के लिए केन बेतवा लिंक परियोजना होगी कारगर : अमित नुना

## केन बेतवा लिंक परियोजना को लेकर जनपद में कार्यक्रम किया गया आयोजित




**समय जगत, पलेरा।** खुशहाल मध्य प्रदेश एवं समृद्ध किसान के नारे को लेकर जल संसाधन विकास जतारा,पलेरा एवं जन अभियान परिषद जतारा के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर आम किसानों के बीच में पहुंचकर जन जागरूकता अभियान चलाया रहा है जानकारी देते हुए एसडीओ पी. एल. प्रजापति के द्वारा बताए गए15से 25 दिसंबर2024 केन बेतवा लिंक परियोजना का भूमि पूजन को खजुराहो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हो रहा है टीकमगढ़ जिले के कलेक्टर के निर्देशन में जल संसाधन विभाग एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा कलश यात्रा समूह रैली निबंध प्रतियोगिता एवं जल संरक्षण कर प्रचार प्रसार किया जा रहा है जिसमें सम्मिलित जनप्रतिनिधि सांसद विधायक द्वारा किसान जल संसाधन विभाग एवं जन अभियान परिषद के द्वारा जतारा व पलेरा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर किसानों के बीच में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें किसानों को कैन बेतवा लिंक परियोजना के बारे में बताया जा रहा है एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई का सपना था कि कैन नदी और बेतवा नदी को एक दूसरे से जुड़कर 12 महीने इन नदियों में पानी उपलब्ध रह सके एवं बुंदेलखंड के प्रत्येक किसान को 12 महीने से सिंचाई करने के लिए पानी उपलब्ध हो सके इसी उद्देश्य का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया जा रहा है जिसको लेकर ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता चलाई जा रही है इस मौके पर जिला अध्यक्ष अमित नुना, नायब तहसीलदार सूर्य प्रकाश खरे, , पवन सिग्या मंडल अध्यक्ष, महेश पटेरिया , राजेश नायक, रघुवीर लोधी मंडल अध्यक्ष बराना, रोहित चौरसिया मंडल अध्यक्ष जतारा,राज दमेले, डॉ आर.के. प्रजापति, डॉ एस.के जाटव, जयपाल पटेल, पी.एल, कुम्हार एसडीओ, केपी अहिरवार कृषि विभाग, आर पी साहू, एसके श्रीवास्तव सहित अनेक लोग रहे मौजूद रहे।

# जिलवानी ट्रेंचिंग ग्राउंड में मौजूद 35 हजार 500 टन कचरे का वैज्ञानिक तरीके से हो रहा है निष्पादन



**समय जगत, इटारसी।** नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने आज नगरपालिका की टेक्नीकल टीम के साथ जिलवानी स्थिल ट्रेंचिंग ग्रांउड पर हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया। यहां मौजूद 35 हजार 500 टन कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन के लिए कार्य चल रहा है वहीं घरों के सैप्टिक टैंक से निकलने वाले मल व पानी से खाद बनाने के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी बन रहा है। नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया में बन रही खाद को देखा तो उन्हें उसमें पॉलीथिन के कण दिखे। जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई और निर्देश दिए है जितनी भी खाद बनी है, उसमें से पॉलीथिन के कण दोबारा से निकालें इसके बाद ही आगे की प्रक्रिया की जाए। निरीक्षण के दौरान टेक्नीकल टीम की प्रमुख एई सुश्री मिनाक्षी चौधरी, उपयंत्री मुकेश जैन, आदित्य पांडे, सोनिका अग्रवाल, मयंक अरोरा मौजूद थे।

**देखें एक नजर में क्या क्या हो रहा जिलवानी मे:** नगरपालिका परिषद इटारसी ने ठोस अपष्टि प्रबंधन के तहत इटारसी से निकलकर जिलवानी में जमा होने वाले 35 हजार 500 टन कचरे को खत्म करने की योजना के तहत यहां टेंडर जारी किया हुआ है। ग्वालियर की एसआर मैक्स कंपनी ने यह काम लिया है। कचरे से निकलने वाली पॉलीथिन सीमेंट बनाने वाले कारखाने में ठेकेदार देगा। वहां से पॉलीथिन उपयोग हो जाने वाला प्रमाण पत्र नपा इटारसी में जमा होगा। वहीं कचरे से खाद बनाई जा रही है। खाद जैविक है, इसका उपयोग पार्क, खेती किसानी में हो सकता है। नगरपालिका जिलवानी में ही घरों के सैप्टिक टैंक से निकलने वाले अपष्टि के प्रबंधन के लिए एसटीपी बना रही है। यह काफी बडा होगा। इसमें सैप्टिक टैंक से निकलने वाले मल और गंदे पानी को अलग अलग किया जाएगा। मल से जैविक खाद बनाई जाएगी और पानी को पिफल्टर करते हुए इसका उपयोग पेड पौधे में डालने के लिए किया जाएगा।

### इनका कहना है

जिलवानी में आज इंजीनियर विभाग के सभी अधिकारियों के साथ कचरे से खाद बनाने वाले प्लांट का निरीक्षण किया। यहां खाद में हमें पॉलीथिन के कण में मिले थे। जिन्हें हटाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा एसटीपी प्लांट का निरीक्षण भी किया।
**पंकज चौरे,**
अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद इटारसी

## अवैध रेत उत्खनन में संलग्न वाहनों को किया जब्त, पुलिस ने की कार्यवाही





**समय जगत, ब्योहारी।** रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन को रोकने में मुस्तैद ब्योहारी पुलिस ने थाना प्रभारी अरुण पांडेय के नेतृत्व में फिर बड़ी कार्यवाही की है। दिनांक 19/12/24 की रात्रि ब्यौहारी पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खुटेहरा में अवैध रेत परिवहन कर बिक्री हेतु जे.सी.बी. मशीन द्वारा अवैध रूप से रेत हाइवा ट्रक मे लोड किया जा रहा है, सूचना पर ब्यौहारी पुलिस स्टाफ द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई तो पुलिस को आते हुए देखकर जे.सी.बी. का चालक एवं टाटा कम्पनी का 10 चक्का हाइवा ट्रक का चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये जिनकी आस पास तलाश किया गया नही मिलने पर मौके से साक्षीगण संजय यादव पिता मनोज कुमार यादव उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम खुटेहरा वार्ड क्र. 03 एवं शिवम यादव पिता मनोज यादव उम्र 17 वर्ष निवासी ग्राम खुटेहरा थाना ब्यौहारी के समक्ष बिना नम्बर की जे.सी.बी. मशीन एवं बिना नम्बर का रेत लोड हाइवा ट्रक जप्त किया गया है। उक्त जप्तशुदा हाइवा एवं जे.सी.बी. मशीन के इंजन एवं चेचिस नंबर के आधार पर क्रमशः वाहन स्वामियों का आर.टी.ओ. कार्यालय शहडोल से पता कराया जा रहा है। घटनाक्रम के संबंध मे अज्ञात हाइवा एवं जे.सी.बी चालक एवं मालिक के विरूद्ध थाना ब्यौहारी मे अप.क्र. 823/24 धारा 303(2), 317(5) बीएनएस., 4/21 खान खनिज अधिनियम.,77/177 एमव्हीएक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। ब्यौहारी पुलिस द्वारा की गई उक्त कार्यवाही से अवैध रेत उत्खनन परिवहन मे संलिप्त व्यक्तियों मे भय का वातावरण निर्मित हुआ है। प्रकरण में फरार अज्ञात आरोपियों की लगातार तलाश जारी है। उक्त कार्यवाही एस.डी.ओ.पी. ब्यौहारी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी ब्यौहारी निरी. अरूण पाण्डेय एवं अधीनस्थ स्टाफ उनि बालकरण प्रजापति, प्र.आर. 764 नरेन्द्र उपाध्याय, प्र.आर. 209 केदार सिंह, प्र.आर. 595 दुर्योधन सिंह, आर. 642 संजय द्विवेदी, आर. 321 त्रिलोक सिंह, आर. 803 राजीव सिंह द्वारा की गई है।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के जगह जगह चोरी छिपे हो रहे कारोबार पर भी ब्यौहारी पुलिस ने अपनी नजरे तिरछी कर ली है गौरतलब है कि अभी पिछले सप्ताह ही 3 टैक्टर अवैध कारोबार करते पकडे गऐ थे और आज रात्रि पुनः अवैध कारोबार करते एक 10 चक्का हाइवा और एक जेसीबी मशीन को ब्यौहारी पुलिस ने दबोच लिया है। फोन पर हुई चर्चा मे नगर निरीक्षक अरुण पाण्डेय ने हमारे प्रतिनिधि से कहा कि जहा भी अवैध कारोबार होंगे कानून अपना काम करेगा।

## नपा अध्यक्ष ने पौने 11 लाख के विभिन्न निर्माण कार्यों को कराया प्रारंभ



**बेगमगंज।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के 18 ही वार्डों में विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं जिसको लेकर आए दिन भूमि पूजन निर्माण कार्यों का निरीक्षण और कार्य प्रारंभ कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी द्वारा तीन वार्डों में करीब पौने 11 लाख रुपए की लागत के सीसी रोड, नाली निर्माण आदि का काम प्रारंभ कर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश संबंधित ठेकेदारों को दिए हैं। वार्ड क्रमांक 2 में मैन रोड से माता मंदिर तक सीसी रोड निर्माण कार्य लागत 6 लाख 58 हजार 2 सो रुपए, वार्ड 15 में विक्की जैन के मकान से राजेश जैन के मकान तक आरसीसी नाली निर्माण लागत 2 लाख 1 हजार 9 सो 32 रुपए, वार्ड क्रमांक 16 में अख्तर भाई से सलीम भाई के मकान तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत 2 लाख 18 हजार 635 रुपए के निर्माण कार्यों को प्रारंभ कराया और उनकी गुणवत्ता को जांचा।

## योग अनुसंधान परिषद में प्रथम विश्व ध्यान दिवस पर शिविर का आयोजन आज

**समय जगत, भोपाल।** भारत के प्रस्ताव पर 193 देशों वाली यूएन महासभा ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस (वर्ल्ड मेडिटेशन-डे) घोषित किया है। इस अवसर पर आज योग अनुसंधान परिषद में प्रथम ध्यान शिविर का आयोजन किया जाएगा। परिषद महासचिव निशांत शर्मा ने कहा कि हमारी स्वस्थ रहने की पारंपरिक एवं पौराणिक कला योग के बाद ध्यान विश्व पटल पर अपनी छाप छोड़ रही है। यूएन महासभा द्वारा घोषित दिवस पर कल कोटरा सुल्तानाबाद स्थित योग अनुसंधान परिषद में प्रात 8 से 9 बजे तक ध्यान शिविर आयोजित किया गया है। इस मौके पर गणमान्य नागरिक और सम्मानित सदस्य मौजूद रहेंगे।

## भदभदा विश्राम घाट की कार्यकारिणी हुई घोषित




### राजेश बाधवानी बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**समय जगत, भोपाल।** भदभदा विश्राम घाट की विगत 8 दिसंबर को हुई आमसभा में सर्वसम्मति से चुने गए अध्यक्ष अरुण चौधरी ने अपनी नव नियुक्त कार्यकारिणी घोषित की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश बाधवानी, उपाध्यक्ष अशोक पलोड़, जितेंद्र कंसाना, संतोष बाहेती, सचिव मम्तेश शर्मा, संयुक्त सचिव रजनीश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष अजय दुबे, उप कोषाध्यक्ष चतुर्भुज मालपानी, संरक्षक विजय चौधरी, जस्टिस अरुण शर्मा, एस एस रघुवंशी, पांडुरंग नामदेव बनाये गये हैं। कार्यकारिणी सदस्य डॉ रमेश माहेश्वरी, योगेंद्र हरदेनिया, राजेश गुप्ता (मधुरम) सुरेश भागचंदानी, प्रमोद चुग, कुलदीप सिंगोरिया, सुनील माहेश्वरी, सुरेश लाहोटी, सुयश कुलश्रेष्ठ, कैलाश जाजू, लक्ष्मी नारायण राजपूत, राकेश जैन (अनुपम), समता अग्रवाल, मीता वाधवा, सतीश राव, आमंत्रित सदस्य राधेश्याम अग्रवाल, नानक सिंह दुआ, संजय मल, सुनील जेनाविन, डॉ लालिमा शर्मा, राजा तोमर और राजकुमार माहेश्वरी को बनाया गया है। सभी सदस्यों ने आपस में एक दूसरे से परिचय प्राप्त किया और सभी ने आगामी 5 वर्षों में विश्राम घाट में होने वाले विकास कार्यों की रूपरेखा बनाई एवं बधाइयां दी है।




स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल 462011 से मुद्रित कर जी-1 गोयल निकेत अपार्टमेंट प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 एमपी नगर भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। पिन नं. 462011, संपादक **अभिनव त्रिपाठी।**
RNI-MPHIN/2004/13180 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। **फोन :** 0755-4700402, ई-मेलः dainiksamayjagat@gmail.com